दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 34
पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

जयपुर, शुक्रवार, 12 जनवरी, 2024 | पौष, शुक्ल पक्ष- प्रतिपदा, विसं 2080



**'सच बेधड़क' मीडिया समूह का विशाल आयोजन 15 को: रामाभिषेकम् की तैयारियां चरम पर**

# राम काजु कीन्हें बिनु मोहि कहां विश्राम...

**बेधड़क** | जयपुर

यहां रामनिवास बाग में स्थित विश्व प्रसिद्ध अल्बर्ट हॉल म्यूजियम पर 15 जनवरी को 'सच बेधड़क' मीडिया समूह की ओर से आयोजित होने वाले रामाभिषेकम् और विशाल आरती कार्यक्रम की तैयारियां चरम पर हैं। इस कार्यक्रम में मशहूर सिंगर कैलाश खेर की प्रस्तुतियां खास आकर्षक होंगी। आलम यह है कि इस कार्यक्रम के वक्त, शरीक होने वाली हस्तियों, सिंगर आदि के संबंध में अपनी जिज्ञासा शांत करने के लिए हजारों फोन कॉल 'सच बेधड़क' मीडिया समूह के फाउंडर एंड एडिटर-इन-चीफ विनायक शर्मा के साथ ही तमाम स्टाफ के पास आ रहे हैं। और तो और, गुड़गांव, नई दिल्ली तक से राम भक्तों और भजनों के दीवानों के भी सैकड़ों कॉल्स आ रहे हैं।

'सच बेधड़क' मीडिया समूह के फाउंडर एंड एडिटर-इन-चीफ विनायक शर्मा ने इस बात की तस्दीक करते हुए कहा कि वाकई लोगों में इस कार्यक्रम को लेकर जबरदस्त उत्साह है। देशभर से इसके बारे में जानकारी लेने के लिए रामभक्त कॉल कर रहे हैं। फिर, कैलाश खेर की प्रसिद्धि का सुपर क्रैज है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में तमाम बड़ी हस्तियों के आने की संभावना है। इसके लिए राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा के साथ ही राज्य की मंत्रिपरिषद में शामिल मंत्रियों को वे स्वयं निमंत्रण पत्र देकर आदर सहित आमंत्रित कर चुके हैं। इनके साथ ही ब्यूरोक्रेट्स और केंद्रीय मंत्रियों के भी रामकाज के इस भव्य और विशाल आयोजन में शामिल होने की संभावना है।



## कई संत-महात्मा भी पधारेंगे कार्यक्रम में

इस रामकाज में देश के कई प्रसिद्ध संत-महात्माओं ने भी पहुंचने का आश्वासन दिया है। यह भव्य कार्यक्रम 15 जनवरी को शाम 4 बजे शुरू होगा। इस भव्य रामाभिषेकम् उत्सव और विशाल आरती में आमजन को सहभागी बनाने के लिहाज से अधोलिखित वेबसाइट लिंक पर फ्री PASS दिए जा रहे हैं...

https://insider.in/--jan15-2024/event

## विनायक को अयोध्या दर्शन से मिली प्रेरणा



मात्र 29 वर्ष की आयु में दैनिक अखबार और सैटेलाइट न्यूज चैनल स्थापित कर 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन' से नवाजे जा चुके 'सच बेधड़क' मीडिया समूह के फाउंडर एंड एडिटर-इन-चीफ विनायक शर्मा जयपुर में इस भव्य कार्यक्रम का संकल्प लेने से पूर्व चार दिवसीय अयोध्या यात्रा करने गए थे। उन्हें वहीं से अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व एक विशाल आयोजन जयपुर में करने की प्रेरणा मिली। फलस्वरूप, यह कार्यक्रम अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से एक सप्ताह पूर्व जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। बता दें, शर्मा अयोध्या से प्रभु श्रीराम का अति सुंदर एवं सिद्ध अष्टधातु का बालरूप और हनुमान जी का भी सिद्ध विग्रह लेकर आए। इनकी विधि-विधान से धूमधाम के साथ 'सच बेधड़क' कार्यालय में स्थापना की गई। जहां प्रतिदिन सामूहिक आरती और हनुमान चालीसा का पाठ हो रहा है।

**अपनी आध्यात्मिक रुचि के चलते कई शास्त्रों-पुराणों का अध्ययन कर चुके विनायक शर्मा कहते हैं-**

> हनुमान तेहि परसा कर पुनि कीन्ह प्रनाम,
> राम काजु कीन्हें बिनु मोहि कहां विश्राम।।

## जरूरी खबर

### 31 जनवरी से शुरू होगा संसद का बजट सत्र



**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। यह सत्र 9 फरवरी तक चलने की संभावना है। ये 17वीं लोकसभा का आखिरी सत्र होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जनवरी को संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगी। अंतरिम बजट 1 फरवरी को पेश किया जाएगा। ये मोदी सरकार के मौजूदा कार्यकाल का आखिरी बजट होगा। अंतरिम बजट में कोई बड़ा ऐलान होने की उम्मीद नहीं है। हालांकि महिला किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि को दोगुना करने का प्रस्ताव है। मौजूदा समय में कोई बड़ा विधायी काम एजेंडा में नहीं है।

### जयपुर-दिल्ली समेत उत्तर भारत में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में गुरुवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हिंदुकुश क्षेत्र में था। राजधानी जयपुर समेत पूरे उत्तर भारत में दोपहर 2:50 बजे भूकंप के झटके आए। यह भूकंप का झटका 24 सेकंड था। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.1 थी। अफगानिस्तान और पाकिस्तान में झटके बहुत तेज थे और नुकसान की भी आशंका जताई जा रही है। दिल्ली के अलावा हरियाणा, पंजाब, जम्मू, हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में भी धरती हिली। फिलहाल भारत में कहीं से किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है।

**मौसम: प्रदेश में 6 जिलों में 3 दिन चलेगी शीतलहर**

# माउंट आबू में -3 डिग्री पहुंचा पारा, जमी बर्फ

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में मौसम लगातार अपना मिजाज बदल रहा है। मौसम विभाग ने गुरुवार को प्रदेश में आगामी एक सप्ताह अति शीतलहर व शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के चूरू, सीकर, झुंझुनूं, अलवर, हनुमानगढ़ व करौली में अति शीतलहर के अलावा पाला पड़ने की भी चेतावनी जारी की है। इधर, राजधानी जयपुर में गुरुवार को मौसम साफ रहने से दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। गुरुवार को जयपुर में दिन का अधिकतम तापमान 23.4 दर्ज किया गया, जो बुधवार के मुकाबले 2 डिग्री ज्यादा रहा। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में पिछले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री गिरावट दर्ज की गई है। हिल स्टेशन माउंट आबू में भी गुरुवार को पारा गिरकर माइनस 3 पर आ गया। यहां घास के मैदानों पर बर्फ जम गई। गुरुवार को प्रदेश का सबसे ठंडा शहर सीकर दर्ज किया गया। सीकर में गुरुवार को माइनस 0.5 डिग्री तापमान रहा। उसके बाद सबसे कम तापमान चूरू 1 डिग्री, अलवर, पिलानी 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### इन जिलों में छाएगा घना कोहरा

मौसम विभाग के अनुसार आगामी 3 दिन उत्तर-पश्चिमी व उत्तरी राजस्थान में कहीं-कहीं मध्यम दर्जे का कोहरा व श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ जिलों में शीतलहर की संभावना है। शेष अधिकांश भागों में आसमान साफ रहने से दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

## जयपुर में आसमान साफ रहने से दिन का तापमान रहा 23.4° सेल्सियस







### धौलपुर: कोहरे के कारण टकराए चार ट्रक

धौलपुर में छाया घना कोहरा गुरुवार सुबह तक जारी रहा। घने कोहरे की वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर चार ट्रक टकरा गए। हाईवे पर वाहनों की रफ्तार धीमी होने की वजह से हादसे में कोई भी हताहत नहीं हुआ है। ट्रकों के आपस में टकराने की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से ट्रकों को सड़क से हटाया गया। कोहरे की वजह से वाहनों की रफ्तार धीमी थी। इस वजह से हादसे में कोई भी हताहत नहीं हुआ है।

### जयपुर में साफ रहेगा मौसम

जयपुर में गुरुवार को सर्दी से राहत मिली। सुबह सर्द हवा से ठिठुरन रही। दोपहर को धूप निकलने पर राहत मिली। शाम को फिर से सर्दी ने असर दिखाया। जयपुर में करीब सात दिन बाद सर्दी का असर कम रहा। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार जयपुर में दिन का अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार जयपुर में आगामी दिनों में मौसम साफ रहेगा।

**चेतक में तैनात पुलिसकर्मियों पर होगा एक्शन!**

# पुलिस की मौजूदगी में वाहन चुराने वाले बदमाशों की फाइल रि-ओपन

## डीसीपी ने एसीपी सांगानेर को दी जांच की जिम्मेदारी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रतापनगर सात सेक्टर में घर के बाहर खड़ी कार को चुराकर ले जा रहे वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए उनको एस्कॉर्ट देने के मामले में डीसीपी ईस्ट के निर्देश पर एसीपी सांगानेर ने जांच शुरू कर दी है। डीसीपी ज्ञानचंद यादव के आदेशों के बाद अब मामले को भी जांच के लिए फिर से रि-ओपन कर दिया गया है। एसएचओ सांगानेर के सुपरविजन में मामले की जांच की जा रही है, जबकि एसीपी सांगानेर पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच कर रहे हैं। सच बेधड़क ने खबर प्रकाशित करके सांगानेर थाना पुलिस की चेतक में तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा वाहन चोरों को एस्कॉर्ट करने और उनके खिलाफ दर्ज हुए मामले में दस दिन बाद ही एफआर लगाने के मामले का खुलासा किया था। इसके बाद पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने मामले को गंभीरता से लिया और डीसीपी ज्ञानचंद यादव को पुलिसकर्मियों की जांच करने और मामले को फिर से रि-ओपन करके जांच करने के निर्देश दिए हैं।

### यह है मामला

सांगानेर थाने में राजेश गर्ग ने रिपोर्ट दी थी कि 23 दिसंबर को रात 10 बजे घर के बाहर कार खड़ी की थी। देर रात 2:30 बजे बाद घर के बाहर से आवाज आई। तब राजेश गर्ग उठे और घर के बाहर आए तो कार गायब थी। इस पर राजेश ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। राजेश ने घर के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले तो सामने आया कि बदमाश कॉलोनी से पीड़ित के घर से कार लेकर निकल रहे हैं। कॉलोनी के बाहर चेतक की गाड़ी आई और चेतक में दो पुलिसकर्मी नीचे उतरने के बाद 30 सेकंड तक वाहन चोरों से बात की और उनको एस्कॉर्ट देकर बिना जांच पड़ताल के ही जाने दिया। खास बात है कि घटना के दस दिन बाद ही पुलिस ने मामले में एफआर भी लगा दी।


सांगानेर थाना क्षेत्र का मामला: जयपुर कमिश्नरेट पुलिस का चौंकाने वाला कारनामा, सीसीटीवी फुटेज से आया सामने...

पुलिस ने किया वाहन चोरों को एस्कॉर्ट... 10 दिन बाद एफआर!

सांगानेर थाना पुलिस की आंखों से काजल (वाहन) चुराकर ले गए वाहन चोर

वाहन चोरों से 30 सेकंड तक पुलिस ने की बात, फिर जाने दिया



**गैंगस्टर केस में एक्शन में NIA**

# राजस्थान समेत 6 राज्यों में मारे छापे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने गुरुवार को प्रतिबंधित बब्बर खालसा इंटरनेशनल और लॉरेंस बिश्नोई के आपराधिक नेटवर्क के खिलाफ कई राज्यों में छापेमारी अभियान चलाया। एनआईए ने उत्तर भारत के छह राज्यों में कुल 32 ठिकानों पर छापेमारी की।

एनआईए ने पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, यूपी, दिल्ली और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में छापेमारी की। एनआईए प्रवक्ता ने कहा- यह छापेमारी प्रतिबंधित बब्बर खालसा इंटरनेशनल और बिश्नोई गिरोह की गतिविधियों से संबंधित तीन मामलों के सिलसिले में की गई।

एनआईए ने छापेमारी में दो पिस्तौल, दो मैगजीन और गोला-बारूद के साथ-साथ 4.6 लाख रुपए का कैश के साथ दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस जब्त किए गए।

# अफगानिस्तान को भारत ने छह विकेट से हराया

**नई दिल्ली।** तीन मैचों की टी-20 सीरीज का पहला मैच मोहाली में भारत और अफगानिस्तान के बीच खेला गया। भारत ने 6 विकेट से अफगानिस्तान को हराकर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। अफगानिस्तान के 159 रन के लक्ष्य जवाब में भारत ने 4 विकेट गंवाकर 17.3 ओवर में जीत हासिल की। शिवम दुबे ने नाबाद 60 रन बनाए। रिंकू सिंह ने नाबाद 19 रन बनाए। जितेश ने 31 रन की पारी खेली। रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था।

**मिलावट का गोरख धंधा**

# नकली दूध की दो जांच रिपोर्ट, पहली मिलावटी और दूसरी में क्लीनचिट

- मिलावट के आधार पर पहले बीएमसी को सस्पेंड किया और दूसरी जांच रिपोर्ट उसी दूध की मिलावटी नहीं मिली तो कर दिया बहाल
- कैथवाड़ा के प्लांट में बन रहा नकली दूध दौसा की बिवाई बीएमसी से जयपुर डेयरी में हो रहा था सप्लाई

**बेधड़क** | जयपुर

शहरवासियों को प्रतिदिन जयपुर डेयरी द्वारा सप्लाई किया जाने वाला कैथवाड़ा में तैयार 50 हजार लीटर नकली दूध की जांच पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं।

पुलिस मुख्यालय के अफसर जांच के नाम पर खानापूर्ति कर रहे हैं तो डेयरी प्रशासन व फूड इंस्पेक्टरों ने मिलावटी दूध के सैंपलों में ही धांधली कर दी। चौंकाने वाली बात है कि दो माह पहले दूध के सैंपल मिलावटी मिलने पर दौसा बैजुपाड़ा स्थित बिवाई बीएमसी को सस्पेंड किया था, उस बीएमसी के दूध के सैंपलों की रिपोर्ट अब मिलावटी नहीं मिली है। ऐसे में डेयरी के तत्कालीन एमडी कुलराज मीणा ने बीएमसी को बहाल कर दिया। अब सवाल है कि कैथवाड़ा में चिलिंग प्लांट में तैयार किए गए 50 हजार लीटर नकली दूध की जांच रिपोर्ट दो अलग-अलग कैसे हो सकती है। क्योंकि पहले दूध की रिपोर्ट मिलावटी आई थी और अब रिपोर्ट में दूध में मिलावट होने की पुष्टी ही नहीं हुई। जबकि सैंपल दूध के एक ही दिन लिए गए थे। इस पूरे मामले में डेयरी प्रशासन के साथ में फूड के अधिकारियों की मिलीभगत होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।



> पहले जांच रिपोर्ट में मिलावट सामने आई थी। लेकिन हाल ही में बिवाई बीएमसी की रिपोर्ट में मिलावट होने की बात सामने नहीं आई तो उसको बहाल कर दिया।
>
> - **कुलराज मीणा,** तत्कालीन एमडी, जयपुर डेयरी

## सैंपल्स की जांच में हानिकारक केमिकल मिले थे और अब कुछ नहीं

पिछले साल नवंबर माह में मेवात के कैथवाड़ा में कमालिया मिल्क व चिलिंग सेंटर आइस प्लांट पर क्राइम ब्रांच ने छापा मारकर 50 हजार लीटर नकली दूध पकड़ा था। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके से दूध के सैंपल लिए थे। रिपोर्ट के अनुसार नमूना संख्या आईडी- RJ29GB1479RN 1000 में वनस्पति तेल, माल्टोज, स्टार्च, सुक्रोज, ग्लूकोज और कार्बोहाइड्रेट की मिलावट पाई गई। नमूना संख्या आईडी-874 बिवाई में वनस्पति तेल, माल्टोज, स्टार्च, सुक्रोज़ पानी, अमोनिया और कार्बोहाइड्रेट की मिलावट पाई गई, जबकि नमूना क्रमांक आईडी-929 रालावता में फ्रुकुटोज, डिटर्जेंट, सोर्बिटोल, सुक्रोज, गैलेक्टोज, पानी और कार्बोहाइड्रेट की मिलावट पाई गई है। बीआर वैल्यू, आरएम वैल्यू और फैटी एसिड प्रोफाइल गायब हैं। विभाग द्वारा लिए गए सभी नमूने मिलावटी पाए गए हैं। यह सैंपल कैथवाड़ा प्लांट से लिए गए थे और इसी प्लांट से दूध बिवाई बीएमसी आया था। वहां से भी स्वास्थ्य विभाग ने सैंपल लिए थे। कैथवाड़ा प्लांट के दूध में मिलावट मिलने पर बिवाई बीएमसी समेत अन्य को सस्पेंड कर दिया था, लेकिन तब क्राइम ब्रांच की कार्रवाई के दौरान बिवाई बीएमसी से लिए गए सैंपलों की वापस जांच कराई तो वे मिलावटी नहीं पाए गए। जबकि बिवाई बीएमसी में रखा दूध कैथवाड़ा से ही आया था।

## जरूरी खबर

### विधायक सराफ ने व्यापारियों को बांटे पीले चावल



**बेधड़क,जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ व्यापारियों को पीले चावल बांट कर आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर उन्होंने महेश नगर के व्यापारियों से 22 जनवरी को हर दुकान पर पांच दीपक जलाने, प्रतिष्ठानों पर लाइटिंग करने और दिवाली मनाने की अपील की। उन्होंने दुकानदारों से आह्वान किया कि अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए जरूर जाएं।

### शराब की दुकानों का समय बढ़ाने की उठाई मांग

**बेधड़क,जयपुर।** शराब कारोबारियों ने नई आबकारी नीति के लिए अपने सुझाव देते हुए राज्य में शराब की दुकानों का समय 2 घंटे बढ़ाकर रात आठ के बजाय दस बजे तक करने की मांग की है। इसके साथ ही एक्साइज ड्यूटी और अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी को बढ़ाने की मांग की है। राजस्थान लिकर वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष नीलेश मेवाड़ा ने बताया कि देशी मदिरा और राजस्थान मेड लिकर आरएमएल के लिए जो राइडर लगाया गया है, उसे हटाया जाए। साथ ही बेसिक लाइसेंस फीस को गारंटी राशि में समायोजित किया जाए। कारोबारियों ने दुकान संचालन में पुलिस के हस्तक्षेप को खत्म करने, बीयर-शराब की आपूर्ति समय पर करने की मांग की है, ताकि गारंटी पूर्ति को समय पर पूरा किया जा सके।

### रेलवे कर्मचारियों ने समाप्त की भूख हड़ताल



**बेधड़क. जयपुर।** भारतीय रेलवे की दोनों मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियन एनएफआईआर और एआईआरएफ के संयुक्त मोर्चा एनजेसीए के आह्वान पर जयपुर रेलवे स्टेशन के मुख्य परिसर में 8 जनवरी से चल रही क्रमिक भूख हड़ताल गुरुवार शाम समाप्त हो गई। उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि हम पेंशन की लड़ाई को बहुत लंबे समय से लड़ रहे हैं। 21 जनवरी 2023 से हर माह विभिन्न तरीकों से यह लड़ाई जारी है। अब यह लड़ाई रेल कर्मचारियों की आन-बान-शान की लड़ाई बन चुकी है। यह सरकार पेंशन नहीं देकर कर्मचारियों के सम्मानजनक जीवन को अंधेरे में धकेलने का काम कर रही है।

---

**प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं व नगरीय निकायों के उपचुनाव में भी लहराया भाजपा का परचम**

# पंचायत समिति सदस्य की 4 और निकायों की जीती 6 सीटें

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से कराए गए पंचायतीराज संस्थाओं व नगरीय निकायों में उपचुनाव के बाद गुरुवार को परिणाम जारी कर दिया गया।

ये उप चुनाव 1 जून से 31 अगस्त 2023 तक रिक्त हुए 7 पंचायत समिति सदस्य, 20 सरपंच, 265 वार्डपंच एवं 8 नगरीय निकायों में 8 वार्ड पार्षदों के लिए बुधवार को संपन्न हुए थे। इन उपचुनावों में भी सतारूढ़ भाजपा को बढ़त मिली है। चुनाव में 7 पंचायत समिति सदस्यों में से 1 सदस्य निर्विरोध चुना गया। शेष में 6 पंचायत समिति सदस्यों



में से 4 सीट पर भाजपा और 2 सीट पर कांग्रेस विजयी रही। वहीं सबसे बड़ी जीत शाहपुरा जिले की पंचायत समिति बनेडा के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 11 से भाजपा के निर्वाचित सदस्य चेनू लाल गुर्जर की रही। इन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के सुरेश गुर्जर को सर्वाधिक 821 मतों से पराजित किया गया। सबसे छोटी जीत डीडवाना-कुचामन जिले की परबतसर पंचायत समिति के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 08 से भाजपा के निर्वाचित सदस्य मनोहर गर्वा की रही। इन्होंने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस पार्टी के रामकिशोर को 163 मतों से पराजित किया। इन 7 पंचायत समिति सदस्यों के उप चुनाव में 3 महिला उम्मीदवार विजयी रही।

### तीन पंचायत समितियों में निर्विरोध चुने सरपंच

डूंगरपुर जिले की पंचायत समिति दोवडा की ग्राम पंचायत सावगढ़, हनुमानगढ़ जिले की पंचायत समिति भादरा की ग्राम पंचायत झांसल एवं सीकर जिले की फतेहपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत हुडेरा में सरपंचों का निर्वाचन निर्विरोध हुआ। वहीं जालौर जिले की आहोर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत हरजी में सरपंच प्रत्याशी मांगी देवी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रेखा कुटल को न्यूनतम 14 मतों से पराजित किया गया है। उदयपुर जिले की मावली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत घासा में सरंपच पद प्रत्याशी मांगी लाल मेघवाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी दिनेश कुमार खटीक को 1655 मतों से पराजित किया है।

### 17 में से 11 ग्राम पंचायतों में बनीं महिला सरपंच

प्रदेश की 17 ग्राम पंचायतों में से 11 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद पर महिलाएं विजय हुई। जबकि 48 जिलों के 265 वार्ड पंच के उप चुनाव में से 196 वार्ड पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। वहीं 41 वार्ड पंचों के उप चुनाव का बहिष्कार एवं नामांकन पत्र शून्य प्राप्त हुए हैं। शेष 28 ग्राम पंचायत वार्ड पंचों का परिणाम जारी किया गया है।

### निकायों की सीटों पर भी भाजपा का दबदबा

निकायों के 8 वार्ड पार्षदों के उप चुनाव का परिणाम जारी किया गया। इनमें 8 वार्ड पार्षदों में से 6 प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी से और 2 प्रत्याशी कांग्रेस पार्टी से निर्वाचित हुए हैं। कुचामन सिटी नगरपरिषद के वार्ड संख्या 7 से कांग्रेस पार्टी की निर्वाचित सम्पत ने अपने निकटतम भाजपा के सुनील कुमार को न्यूनतम 23 मतों से पराजित किया है। जबकि सवाईमाधोपुर नगर परिषद के वार्ड संख्या 5 से बीजेपी से निर्वाचित बिंदा ने अपने निकटतम कांग्रेस प्रत्याशी बंटी बाई को 373 मतों से पराजित किया है। कुल 8 निर्वाचित वार्ड पार्षदों में से 3 महिला प्रत्याशी विजयी हुई हैं।

---

**मुख्यमंत्री ने दिए मोटे अनाज की डिशेज शामिल करने के निर्देश**

# इंदिरा रसोई के भ्रष्टाचार की करवाई जाएगी जांच: सीएम


**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश सरकार की ओर से नए नाम के साथ आम जन के सामने आई श्री अन्नपूर्णा रसोई में अब आम लोगों को मिलेट्स (मोटा अनाज) से बना भोजन भी परोसा जाएगा। राज्य सरकार ने श्री अन्नपूर्णा रसोई के मेन्यू में मोटा अनाज शामिल करने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अन्नपूर्णा रसोई में जल्द लोगों को ज्वार-बाजरे, रागी की रोटी और खीचड़ा मिलेगा। स्वास्थ्यवर्धक गुणों से भरपूर होने के कारण गेहूं के साथ-साथ मोटे अनाज को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

शर्मा ने कहा कि कांग्रेस राज में इंदिरा रसोई में मात्र 450 ग्राम भोजन मिलता था। इतने में कोई कैसे पेट भर सकता है। अब हमने भोजन की मात्रा बढ़ाकर 600 ग्राम करने फैसला किया है। रसोई में अब ज्वार-बाजरे-रागी की रोटी, खीचड़ा और अन्य उत्पाद मिलेंगे। आमजन भोजन में मोटे अनाज का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

### अन्नपूर्णा रसोई का मेन्यू अब टेस्टी के साथ हेल्दी भी, मिलेट्स होंगे शामिल



**रोज 200 थाली कैसे संभव**

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पूववर्ती सरकार में प्रत्येक रसोई में 100 से 200 थाली का रोजाना उपभोग बताया जाता था। यह कैसे संभव हो सकता है? निश्चित तौर पर यह घोटाले-भ्रष्टाचार का इशारा है, जिसकी जांच कराई जाएगी। हम जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करेंगे।

### दूसरे राज्यों में भेजेंगे मोटा अनाज

शर्मा ने कहा कि राजस्थान ज्वार, बाजरा, मक्का, दलहन का हब है। मैंने खाद्य आपूर्ति एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखा है। राजस्थान के मोटे अनाज को दूसरे राज्यों में भी भेजा जाएगा। इसकी बिक्री से किसानों की आय बढ़ेगी।

### CM ने की चेक गणराज्य PM से भेंट

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने, तकनीकी क्षेत्र में नवाचार कर रोजगार सृजित करने, औद्योगिक विकास सहित विभिन्न मुद्दों पर पेट्र फियाला से चर्चा की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री प्रेम चन्द बैरवा, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार सहित चेक गणराज्य के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### राज्यपाल से मुलाकात कर लिया परामर्श



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से मुख्यमंत्री शर्मा की यह शिष्टाचार भेंट थी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर राज्यपाल से परामर्श किया। राज्यपाल से मुख्यमंत्री ने प्रदेश में उच्च शिक्षा के तेजी से विकास, रिक्त पदों को भरे जाने तथा जनजातीय क्षेत्रों में आदिवासी कल्याण से संबंधित विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की।

### जनसुनवाई में सुनी आमजन की समस्याएं




मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने गुरुवार को ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने आमजन की समस्याओं को सुना तथा अधिकारियों को आमजन से प्राप्त परिवेदनाओं की जांच कर त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान CLAT-2024 में प्रथम रैंक हासिल करने वाले उदयपुर के जय बोहरा ने भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उनको बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

**पुलिसिया व्यवस्था पर उठाए सवाल**

# भरतपुर में थाने बिकते थे, अब सरकार बदली है ऐसा नहीं होगा: बेढम



**बेधड़क | जयपुर**

नगर (डीग) से विधायक और राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने हाल ही में अपने भरतपुर दौरे के दौरान पुलिसिया व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। राज्यमंत्री बेढम ने कहा कि भरतपुर में थाने बिकते थे। चोरों से फिरौती देकर ट्रैक्टर लाना पड़ता है और एसएचओ कहते हैं 'ऑल इज वेल। बेढ़म ने कहा कि अब राज बदला है, ऐसा नही चलेगा।

जालूकी (नगर) एसएचओ से बातचीत का एक प्रसंग सुनाते हुए कहा- मेरे पास ट्रैक्टर चोरी की एक शिकायत आई थी। पता चला कि पीड़ित किसान को अपना ट्रैक्टर फिरौती देकर लाना पड़ा। ऊपर से एसएचओ कहता है कि 'ऑल इज वेल'। जब मैंने एसएसओ को फटकार लगाई तब जाकर वह मौके पर पहुंचा। राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा- मैं सुबह 5 बजे उठ जाता हूं और क्षेत्र के सभी अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को फोन करता हूं।

उनसे जानकारी लेता हूं कि क्षेत्र में क्या अपडेट है। सब कुछ ठीक तो है ना। उन्होंने कहा कि लोग फिरौती देकर अपना वाहन छुड़ाकर लाते हैं, ये पुलिस के लिए चुनौती है। यह सिस्टम खत्म होना चाहिए।

### गोतस्करी पर दिया था ये बयान

राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम 7 जनवरी को मंत्री बनने के बाद अपने विधानसभा क्षेत्र में आए थे। तब उन्होंने गोतस्करी को लेकर कहा था-गाय की पूंछ का बाल भी कोई उखाड़ने की कोशिश करेगा उसे जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा।

---

**मौके पर जाकर लिया सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा**

# रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण

**बेधड़क | जयपुर**

शहर में संचालित रैन बसेरों में सुविधाओं और व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए अब प्रशासन फील्ड में उतर गया है। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित के निर्देश पर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया।

गुरुवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर (उत्तर) अलका विश्नोई सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रैन बसरों में भोजन, साफ-सफाई, बिस्तर, पेयजल, बिजली, सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा



लिया। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरे में ठहरे हुए लोगों से संवाद कर फीडबैक भी लिया। अधिकारियों ने रैन बसेरे की व्यवस्थाओं में नियोजित कर्मचारियों को सभी इंतजाम दुरुस्त रखने एवं मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद संबंधित अधिकारियों ने 16 बिन्दुओं पर आधारित निरीक्षण पत्र में अपनी रिपोर्ट कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित को सौंपी है। इधर, जिला कलेक्टर के ही निर्देश पर गुरुवार को सभी उपखंड अधिकारियों ने अपने अधीनस्थ तहसील कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जनसुनवाई, राजस्व संबंधी प्रकरण, दैनिक प्रकरण, विकसित भारत संकल्प यात्रा सहित अन्य समस्त प्रकार के लंबित प्रकरणों का जायजा लिया। इसके तहत अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम दिनेश कुमार शर्मा ने सांगानेर तहसील कार्यालय में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### एसएमएस में भर्ती पिता से मिले सीएम

**बेधड़क. जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा गुरुवार को सवाई मानसिंह हॉस्पिटल की सुपर स्पेशलिटी विंग में भर्ती अपने पिता से मिलने पहुंचे। यहां उनके पिता का बुधवार को ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन के बाद सीएम के पिता को आईसीयू में रखने के बाद गुरुवार को कॉटेज वार्ड में शिफ्ट किया गया है। यूरोलॉजी विंग के एचओडी डॉ. शिवम् प्रियदर्शी ने बताया कि सीएम के पिताजी को प्रोस्टेट की शिकायत थी। जिसके बाद उन्हें मंगलवार को भर्ती करवाया गया। तमाम जांचें करने के बाद उनका बुधवार को ऑपरेशन किया गया। अब उनकी स्थिति ठीक है।

---

**राजस्थान लोक सेवा आयोग ने गत वर्ष कराई थी परीक्षा**

# 'वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) गणित' की विचारित सूची जारी

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के तहत ग्रुप-बी में सम्मलित गणित विषय की विचारित सूची जारी कर दी गई है।

इसमें टीएसपी क्षेत्र के पदों के विरूद्ध 11 तथा नॉन टीएसपी क्षेत्र के पदों के विरूद्ध 160 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच के लिए अस्थाई रूप से विचारित सूची में शामिल किया गया है। इस परीक्षा के तहत प्रथम प्रश्न-पत्र सामान्य ज्ञान की परीक्षा 12 फरवरी तथा गणित विषय की परीक्षा 15 फरवरी 2023 को आयोजित की गई थी। विचारित सूची चयन या वरियता सूची नहीं है। इसका उद्देश्य मात्र दस्तावेज सत्यापन के माध्यम से चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सुनिश्चित करना है। अभ्यर्थियों की पात्रता जांच विज्ञापन की शर्तों-नियमों के अनुसार की जाएगी। पात्रता की समस्त शर्तें पूर्ण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता आयोग द्वारा रद्द कर दी जाएगी।

### अभिलेखागार में 8 पदों की निकली भर्ती

आरपीएससी की ओर से गुरुवार को राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर में पुरालेखपाल के 3, शोध अधिकारी के 1, सहायक पुरालेखपाल के 2, शोध अध्येता के 1 एवं रसायनज्ञ के 1 पद पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 18 जनवरी से 17 फरवरी की रात्रि 12 बजे तक किए जा सकेंगे।

---

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर प्रदेश कांग्रेस की प्रेसवार्ता**

# न्याय का हक मिलने तक जारी रहेगी राहुल गांधी की न्याय यात्रा: लांबा

**बेधड़क | जयपुर**

महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा ने गुरुवार को केंद्र सरकार के 10 साल के कार्यकाल पर सवाल उठाते हुए कहा कि केंद्र लगातार अन्याय कर रही है। देश के 4 करोड़ युवा रोजगार की तलाश में हैं।

लांबा गुरुवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस से मुखातिब हुईं। इस दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि महंगाई देश का बड़ा मुद्दा है, जिसको लेकर केंद्र गंभीर नही हैं। एमएसपी में कानून की मांग थी उसका क्या हुआ? देश में हर घंटे में एक किसान आत्महत्या कर रहा है। लांबा ने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि देश में जातिगत जनगणना हो। अल्का लांबा ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा न्याय का हक मिल जाने तक जारी रहेगी। केंद्र में यदि कांग्रेस की सरकार आती है तो अग्निवीर योजना रद्द की जाएगी। लांबा ने राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर कहा कि यात्रा में शामिल होने वाले को न्याय योद्धा कहा जाएगा। यह गैर राजनीतिक यात्रा होगी।




**राजस्थान में चुनाव नहीं हारे, बस भूमिका बदली है**

अलका लांबा ने दावा किया कि राजस्थान में कांग्रेस चुनाव नहीं हारी है, सिर्फ पार्टी की भूमिका बदली है। कन्हैया लाल के नाम पर बीजेपी सत्ता में आई है। राजस्थान में सरकार बनने के बाद उम्मीदवार को मंत्री बनाया गया और विधानसभा चुनाव भी लड़ाया गया, लेकिन बीजेपी हार गई, हम जीत गए।

### BJP सरकार ने युवाओं को बेरोजगार करने का किया काम: डोटासरा

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि राजस्थान की सरकार को बने हुए एक माह से अधिक हो गया, किन्तु कोई कार्य नहीं किया जा रहा, केवल युवाओं को बेरोजगार करने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बस कांग्रेस सरकार की योजनाओं का नाम बदलने का काम कर रही है, सरकार के मंत्री अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं, कोई डॉक्टर के कीड़े पड़ने की बात कह रहा है, कोई ट्रांसफर करने की बात कर रहा है, कोई कह रहा है कि बच्चे ज्यादा पैदा करो। जबकि प्रदेश में बलात्कार, लूट जैसी घिनौनी घटनाएं प्रतिदिन बढ़ रही हैं, कानून व्यवस्था एकदम कमजोर पड़ रही है। डोटासरा ने कहा कि गोशालाओं में गायें मर रही हैं किंतु सरकार का काम करने पर ध्यान नहीं है। विकास कार्यों को वर्क ऑर्डर बंद कर रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का कार्य है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ कर माता-बहनों को सुरक्षा मुहैया करवाए, ठंड के मौसम में परेशान गरीबों के लिए रैन बसेरे लगे। इंदिरा रसोई का नाम तो बदल दिया किंतु और क्या सुविधा रसोई में दी जा सकती है इस पर कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि 100 दिन की कार्य योजना बनाने की घोषणा की थी लेकिन किसी विभाग की कार्य योजना नहीं बनी। ऐसा लगता है कि कार्य योजना बनाने में ही 100 दिन लग जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में कहीं सरकार नजर नहीं आ रही है।

## जरूरी खबर

### बारह बीघा भूमि पर बसाई अवैध कॉलोनी ध्वस्त



**जयपुर।** जेडीए ने जोन 10 के इकोलोजिकल जोन में निजी खातेदारी की 12 बीघा कृषि भूमि पर बन रही तीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया। इसके अलावा जोन सात में सुओमोटो के तहत वैशाली नगर में नेशनल हैडलूम के सामने से रोड सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त कराया है। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेंद्र कुमार यादव ने बताया कि जोन 10 के इकोलोजीकल जोन लूनियावास में करीब तीन बीघा कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। प्रवर्तन दस्ते ने ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही जोन-10 में ही इकोलोजिकल जोन में इंदिरा गांधी नगर के पास वधिया गांव में करीब दो बीघा कृषि भूमि पर सूर्य विहार विस्तार के नाम से कॉलोनी बसाई जा रही थी, जिसे भी ध्वस्त कर दिया।

### कैरिंग चार्ज वसूला, 12 केंटर सामान जब्त

**जयपुर।** शहर में सड़क पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ ग्रेटर निगम लगातार कार्रवाई कर रहा है। गुरुवार को निगम आयुक्त रुक्मणी रियार के निर्देश पर उपायुक्त सतर्कता डॉ. संध्या यादव के नेतृत्व में सतर्कता शाखा की अस्थाई टीम ने झोटवाड़ा जोन और मालवीय नगर में अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के 17 हजार 500 रुपए का कैरिंग चार्ज वसूल कर 12 केंटर सामान जब्त किया है। इस संबंध में उपायुक्त सतर्कता डॉ. संध्या यादव ने बताया कि झोटवाड़ा जोन और मालवीय नगर जोन में कार्यवाही करते हुए मानसरोवर मेट्रो स्टेशन, किंग्स रोड, डीसीएम अजमेर रोड, शनि मन्दिर संजय नगर, गोविन्द नगर विजय द्वार के सामने गांधी पथ, एसएमएस हॉस्पिटल, ट्रोमा सेन्टर, बांगड़ परिसर से अस्थाई अतिक्रमण को हटाया और 12 केंटर सामान जब्त किया।

**महिला सशक्तीकरण:** दो महापौर, निगम आयुक्त के बाद अब जेडीए आयुक्त भी महिला

# नारी के हाथों में गुलाबी नगरी के विकास की बागडोर

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में प्रशासनिक व्यवस्था और विकास करने के लिए कमान अब पूरी तरह से नारी शक्ति के हाथों में आ चुकी है। भजन लाल सरकार ने शहर व्यवस्थाओं से जुड़े प्रमुख विभाग और पदों पर महिला प्रशासनिक अधिकारियों को तैनात किया है। ऐसे में जयपुर जिले का प्रशासनिक और राजनीतिक ढांचा महिला शक्ति के हाथों में है। दरअसल जयपुर संभागीय आयुक्त, जयपुर नगर निगम ग्रेटर, जयपुर नगर निगम हेरिटेज, जयपुर विकास प्राधिकरण और जयपुर जिला परिषद में महिलाओं के हाथों में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता से लेकर विकास और जनता की समस्याओं के समाधान तक की जिम्मेदारियां दी गई हैं।



### मंजू राजपाल ने संभाला पदभार

जयपुर विकास प्राधिकरण में इतिहास में दूसरी बार महिला आईएएस मंजू राजपाल को जेडीसी के पद की जिम्मेदारी दी गई हैं। यहां पहले से जेडीए सचिव के पद पर नलिनी कठोतिया काम कर रही हैं। नव नियुक्त आयुक्त मंजू राजपाल ने गुरुवार को कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान आयुक्त मंजू राजपाल ने कहा कि राज्य सरकार की 100 दिन की कार्ययोजना को प्राथमिकता से गुणवत्ता के साथ पूरा किया।

### स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंक में आया सुधार

जयपुर नगर निगम ग्रेटर में डॉक्टर सौम्या गुर्जर महापौर की सीट पर काबिज है तो वहीं अब उनके साथ 2012 बैच की आईएएस अधिकारी रुक्मणी रियार को नगर निगम का कमिश्नर बना दिया है। नगर निगम ग्रेटर के इतिहास में पहली बार किसी महिला अफसर को महत्वपूर्ण प्रशासनिक पद की कमान दी गई हैं। इसी तरह जयपुर नगर निगम हेरिटेज में मुनेश गुर्जर महापौर की कुर्सी पर काबिज हैं। इन दोनों महापौर के निर्देशन में शहर की स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंक में सुधार आया है।

### ये भी निभा रही हैं महत्वपूर्ण भूमिका

इसी तरह जयपुर संभागीय आयुक्त के पद पर 2005 बैच की महिला आईएएस डॉक्टर आरुषि ए मलिक है। वहीं, जयपुर जिला परिषद में जिला प्रमुख के पद पर रमादेवी चोपड़ा और जिला परिषद सीईओ के पद पर महिला आईएएस अधिकारी डॉक्टर शिल्पा सिंह ने कमान संभाल रखी है। जिला प्रमुख रमा चौपड़ा कई योजनाओं के जरिए ग्रामीण क्षेत्र में विकास कर रही है।

### विभागों के बीच होगा बेहतर समन्वय

वहीं, इस संबंध में ग्रेटर निगम महापौर सौम्या गुर्जर ने कहा कि किसी भी डिपार्टमेंट में ऑल वुमन ऑफिसर होने से शेयरिंग और को-आर्डिनेशन बहुत अच्छा हो जाता है। महिला सशक्तिकरण सतही तौर पर काफी मजबूत दिख रहा है और जिले के राजकाज में महिलाएं प्रमुख भूमिका में है। जयपुर में प्रशासन के उच्च पदों पर आसीन अधिकारियों होने से पता चलता है कि इन पर आधी आबादी की पूरी भागीदारी है। आज हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं।

**पुलिस जारी करेगी पटाखा व्यापारियों को अस्थाई लाइसेंस**

# रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर छोटी काशी में मनेगी दिवाली

बेधड़क | जयपुर

अयोध्या में 22 जनवरी को हो रही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान घर-घर होने वाले दीपोत्सव के साथ-साथ अब शहर के लोग आतिशबाजी भी करेंगे। इसके लिए जयपुर पुलिस आयुक्तालय ने पटाखा व्यापारियों को अस्थाई लाइसेंस देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में एडिशनल आयुक्तालय कुंवर राष्ट्रदीप ने आदेश जारी कर 13 जनवरी तक पटाखा व्यापारियों से आवेदन मांगे हैं।

ये लाइसेंस 18 से 23 जनवरी तक पटाखा बेचने के लिए मान्य होंगे। आवेदक को आवेदन पत्र के साथ प्रस्तावित स्थल का ब्लू प्रिंट मैप की 4 प्रतियां, जिसमें आस-पास और व्यावसायिक स्थल की स्थिति स्पष्ट रूप से अंकित हो, साथ ही 2 पासपोर्ट साइज फोटो, दुकान की स्पष्ट रंगीन फोटो और जगह के स्वामित्व संबंधित दस्तावेजों की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करनी होगी। ये आवेदन कार्य दिवस के दौरान कमिश्नरेट की लाइसेंसिंग शाखा में जमा कराना होगा। प्रस्तावित स्थल पर किसी का घर ना हो। जांच के बाद अस्थायी आतिशबाजी लाइसेंस जारी किए जाएंगे।

**पुलिस आयुक्तालय ने 13 तक मांगे आवेदन, बाजारों में होगी भव्य सजावट**



### हर चौराहे पर बनेगी रंगोली, खातीपुरा व्यापार मंडल बांटेगा लड्डू

दोनों नगर निगमों ने इस दिन भव्य बनाने के लिए शहरभर में आकर्षक सजावट और हर चौराहे पर रंगोली भी बनाने का निर्णय किया है। इसमें निगम ने सभी व्यापार संगठन मंडलों से भी सहयोग मांगा गया है। वहीं, खातीपुरा व्यापार मंडल की ओर से 15 हजार लड्डू बांटे जाएंगे। हर दुकान के बाहर 11-11 दीप प्रज्वलित होंगे। सुबह 10 बजे से अगले दिन सुबह 10 बजे तक लगातार रामायण पाठ होगा। इसके साथ ही स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थियों के साथ राम भजन की प्रतियोगिता भी आयोजित करवाई जाएगी। वहीं, अलबर्ट हॉल रामनिवास बाग पर व्यापार महासंघ की ओर से भव्य राम दरबार बनाया जाएगा। इसके अलावा जवाहर कला केंद्र पर भी राम भजन प्रतियोगिता आयोजित कराई जाएगी।

### सफाई व्यवस्था को लेकर बाजारों पर रहेगा विशेष फोकस

महापौर सौम्या गुर्जर ने बताया कि पांच सौ साल में ये अवसर आया है। ऐसे में भगवान श्रीराम के आगमन पर सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने सभी व्यापार मंडलों से अपील की है कि वे नीला और हरे डस्टबिन अपनी दुकानों के बाहर रखे। निगम बाजारों से सुबह और रात में कचरा उठवाएगा, ताकि दुकानों के बाहर गंदगी नहीं रहे। इस पर एमआई रोड व्यापार मंडल अध्यक्ष ने तुरंत 500 डस्टबिन रखने का आश्वासन दिया। शहर के स्वच्छ रखने के लिए रामोत्सव के बाद फैले सामान को डिस्पोज कराने की व्यवस्था कराने के लिए भी कहा है।

### 5 लाख दीयों से रोशन होगा शहर

इसके साथ ही ग्रेटर और हेरिटेज निगम शहर में पांच लाख दीप प्रज्वलित कराएगा। सभी बाजारों के व्यापार मंडल अपने-अपने बाजारों में रामोत्सव मनाएंगे। बाजारों में दीपावली की तरह ही सजावट की जाएगी। जिस व्यापार मंडल और बाजार की सजावट अच्छी होगी, उसे पुरस्कार भी दिया जाएगा।

**साधु-संतों में बांटे जाएंगे**

# मेहंदीपुर बालाजी से 5 हजार कंबल अयोध्या भिजवाए



बेधड़क | जयपुर

अयोध्या में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में साधु-संतों के लिए मेहंदीपुर बालाजी पीठाधीश्वर महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने 5 हजार कंबल भिजवाए हैं। बालाजी महाराज मंदिर ट्रस्ट के प्रतिनिधि कई वाहनों में ये कंबल लेकर अयोध्या गए हैं। अखिल भारतीय वीएचपी के संरक्षक दिनेशचंद्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कोटेश्वर, राष्ट्रीय मंत्री उमा शंकर, राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र की व्यवस्थापक राजेंद्र पंकज ने कंबल वाहनों को रिसीव किया।

यह कंबल अयोध्या आने वाले सभी साधु संतों को वितरण किए जाएंगे। भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के 2 लाख लड्डुओं के पैकेट भी अयोध्या भेजे जाएंगे, जिन्हें भगवान को भोग लगाकर भक्तों में वितरण किया जाएगा।

## स्टेशन की होगी कायापलट

**जयपुर।** राजधानी का अब एक और रेलवे स्टेशन भव्य रूप लेगा। सांगानेर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल कर लिया है। ऐसे में अब जयपुर जंक्शन सहित अन्य उपनगरीय स्टेशनों पर हो रहे विकास कार्यों के साथ इस स्टेशन का भी विकास हो सकेगा। इसके लिए रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव शुक्रवार को सांगानेर स्टेशन का निरीक्षण भी करेंगे। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार निरीक्षण के दौरान सांसद रामचरण बोहरा, महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे अमिताभ, मंडल रेल प्रबंधक-जयपुर विकास पुरवार, रेलवे के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष भी शामिल रहेंगे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**प्रो. वी नागेश्वर राव को किया याद**

## नई तकनीक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी

बेधड़क | जयपुर



जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में प्रो. वी. नागेश्वर राव की 5वीं पुण्यतिथि पर रस शास्त्र और भैषज्य कल्पना विभाग की ओर से हर्बो-मिनरल औषधि विकास के क्षेत्र में उभरती नवीन तकनीक विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डीएसआरआरएयू, जोधपुर के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति ने प्रोफेसर हरिशंकर शंकर शर्मा और प्रोफेसर नागेश्वर राव के आयुर्वेद और रस शास्त्र में विशेष योगदान के विषय में बताया। कुलपति प्रजापति ने हर्बो-मिनरल औषधि विकास के क्षेत्र में उभरती नवीन तकनीकों से जुड़ी जानकारी से सभी को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि नवीन तकनीक आने वाले समय में आमजन के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होंगी। कार्यक्रम में रस शास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अनुपम श्रीवास्तव, डीन पीजी प्रो. पी हेमंता, प्रो. संजय अग्रवाल, डॉ. मेघना वैद्य, सभी विभागों के संकाय सदस्यों, शिक्षकों, अध्यताओं एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**स्वच्छता सर्वेक्षण में मिला अवॉर्ड**

## हेरिटेज निगम की सफाई प्रदेश में नंबर वन

बेधड़क | जयपुर

स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित हुए स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में जयपुर नगर निगम हेरिटेज ने राजस्थान में टॉप किया है। जयपुर नगर निगम हेरिटेज को प्रदेश में सबसे स्वच्छ और क्लीन सिटी का खिताब मिला है।

वहीं ग्रेटर निगम दूसरे स्थान पर रहा है। सर्वेक्षण में एक लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में जयपुर हेरिटेज को देशभर में 171वीं रैंक मिली है। इसके साथ ही एक लाख से कम आबादी वाले डूंगरपुर



नगर परिषद को ओडीएफ प्लस घोषित किया गया है। डूंगरपुर को थ्री स्टार रेटिंग देते हुए गार्बेज फ्री सिटी का खिताब मिला है। गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में केंद्र सरकार की ओर से आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर और आयुक्त अभिषेक सुराणा को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुनेश गुर्जर ने कहा कि यह अवॉर्ड जयपुर के हर नागरिक और निगम के हर कर्मचारी को समर्पित है।

उधर, डूंगरपुर का स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार डूंगरपुर नगर परिषद के सभापति अमृतलाल और उपसभापति सुदर्शन जैन ने अधिकारियों के साथ प्राप्त किया। स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी ने दिए।

**गलत खान-पान से बिगड़ रही लोगों की सेहत**

# सावधान, बिना सोचे-समझे खाया तो गले पड़ सकती है कोई भी बीमारी!

बेधड़क | जयपुर

भागदौड़ भरी जिंदगी में खान-पान का सही ध्यान नहीं रखना लोगों की सेहत पर भारी पड़ता दिख रहा है। राजधानी के एनआईए (राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान) की ओपीडी में ऐसे मामले रोजाना देखने को मिले रहे हैं। यहां के फिजियोलॉजी (शरीर क्रिया विज्ञान) डिपार्टमेंट की स्किन रोग ओपीडी में रोजाना 25-30 मरीज गलत खान-पान की वजह से बीमार पड़ने पर इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। डॉक्टर्स के मुताबिक खाने-पीने की चीजों का गलत मिश्रण और अत्यधिक लवणीय खाने की सामग्री के सेवन से लोग बीमार पड़ रहे हैं। इन मरीजों को ऑटो इम्यून डिजीज व अन्य रोग हो रहे हैं। ऐसे में मरीजों का आयुर्वेद पद्धति को अनुसार खान-पान के सही नियम बताकर इलाज किया जा रहा है। शरीर में ऊर्जा का संतुलन बनाए रखने के लिए सही डाईट और खाने के प्रति जागरुक होने की जरूरत है।

### केस वन

रामगंज निवासी अब्दुल (परवर्तित नाम) स्किन ओपीडी में दिखाने आया। उसने डॉक्टरों को बताया कि उसने मीट खाने के बाद दूध पी लिया। इसके बाद उसके शरीर पर छोटे-छोटे दाने होकर खुजली हो गई। इस पर काफी दिन अंग्रेजी दवाई ली, लेकिन राहत नहीं मिली। थक-हारकर एनआईए की स्किन ओपीडी में आकर जांच कराई। डॉक्टरों ने पूरी हिस्ट्री लेकर ईलाज शुरू किया। बताया गया कि खान-पान के गलत मिश्रण से बीमार हुआ। उनके इलाज से अब शरीर को राहत मिली है।

### केस टू

सीकर निवासी उमेश (परिवर्तित नाम) स्किन ओपीडी में खुजली होने पर दिखाने आया। उसने डॉक्टरों को बताया तीन महीने से खुजली नहीं जा रही। इस पर डॉक्टरों ने उसकी हिस्ट्री ली तो पता लगा कि उसने एक महीने तक लगातार नमकीन खाई थी। इससे शरीर में अतिलवण की मात्रा ज्यादा हो गई और वह खुजली का शिकार हो गया।

### केस थ्री

दौसा निवासी रघुवीर (परिवर्तित नाम) भी स्किन ओपीडी में दिखाने आया उसने डॉक्टरों को बताया कि उसे भी काफी महीनों से खुजली की बीमारी है। काफी डॉक्टरों को दिखाया मगर फायदा नहीं मिला। एनआईए की स्किन ओपीडी में दिखाने पर डॉक्टरों ने बताया लगातार मिर्च-मसाले युक्त सामान्य भोजन ही रोग का कारण है। डॉक्टरों ने फल-फ्रूट खाने के साथ दवाईयां शुरू की। इससे बीमारी में राहत मिली है।



### स्किन ओपीडी के इलाज से मिल रही राहत

स्किन ओपीडी विभागाध्यक्ष डॉ. सीआर यादव के निर्देशन में चल रहा है। स्किन ओपीडी में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. महेंद्र प्रसाद प्रजापति, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सारिका यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. भानू प्रताप, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रश्मि गुरव सेवाएं दे रही हैं। सप्ताह में छह दिन ओपीडी चल रही है। इसमें चार दिन एनआईए और दो दिन किशनपोल अस्पताल में ओपीडी रहती है। ओपीडी में 45-50 मरीज रोजाना आ रहे हैं। इनमें 25 से ऊपर मरीज गलत खान-पान की वजह से बीमार होने के आ रहे हैं।

“ स्किन ओपीडी में रोजाना काफी लोग गलत खान-पान से बीमार मरीजों के आ रहे हैं। गौर करें तो 85 प्रतिशत लोगों को बीमारी खराब लाईफ स्टाइल और सर्केडियन रिदम बिगड़ने से हो रही है। हमेशा मौसम के हिसाब से खान-पान का ध्यान रखें। अभी सर्दियों में लघु आहार के बजाय पूर्ण आहार लेवें। खाने में बाजरा घी व दूध के साथ खाएं। तिल, गुड़, दूध-दही व मीठे का सेवन करें। मक्का का सेवन नहीं करें।

**डॉ. महेंद्र प्रसाद प्रजापति,**
एसो. प्रो.फिजियोलॉजी विभाग, एनआईए, जयपुर

## जरूरी खबर

### महिला की हत्या के आरोपी के घर पर चला बुलडोजर



**जोधपुर।** बिलाड़ा थाना क्षेत्र में महिला की हत्या के आरोपी के घर पर गुरुवार को बुलडोजर चला। लांबा गांव निवासी आरोपी का मकान गोचर भूमि पर बना हुआ है। इसकी ग्रामीणों ने शिकायत दी थी। प्रशासन की ओर से अतिक्रमियों को नोटिस भी दिया गया था। अब आरोपी अनिल बिश्नोई के मकान पर प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। अपराधी के मकान पर बुलडोजर चलाने की यह जोधपुर जिले की पहली कार्रवाई बताई जा रही है।

### विरोध के बीच मांस की अवैध दुकानों को हटाया

**भरतपुर।** नगर निगम ने गुरुवार को मांस की अवैध दुकानों पर बुलडोजर चलाया। इस दौरान दुकानदारों ने इस कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा की भाजपा सरकार जानबूझकर समुदाय विशेष को टारगेट कर रही है। वही नगर निगम आयुक्त भावना शर्मा ने कहा की, राहगीरों को दूषित वातावरण से गुजरना पड़ता है। ठेलों की वजह से राहगीरों को आने जाने में भी काफी परेशानी होती है। कई बार मीट शॉप और ठेले वाले से समझाइश की, लेकिन जब वह नहीं माने तो कार्रवाई की गई है। दरअसल 9 जनवरी को राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कलेक्ट्रेट में बैठक के दौरान अवैध मांस की दुकानों को हटाने के आदेश दिए गए थे।

### शिविर में किसानों को प्राकृतिक खेती की दी जानकारी



**बानसूर।** ग्राम पंचायत बालावास में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजन किया जा रहा है। इसमें सभी विभागों की स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। शिविर में आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय, पीएम आवास, पीएम उज्ज्वला, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, क्रेडिट कार्ड सहित 17 योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और पात्र लोगों का रजिस्ट्रेशन कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। कृषि अधिकारियों ने किसानों को रासायनिक खेती के स्थान पर प्राकृतिक खेती की जानकारी दी।

---

**तारानगर और साहवा कस्बे में लगाए गए पोस्टर बने चर्चा का विषय, गरमाई सियासत**

# ‘मोदीजी आपसे बैर नहीं, कस्वां स्वीकार नहीं’ के लगे पोस्टर

**बेधड़क | चूरू**

जिले की तारानगर सीट से विधानसभा चुनाव हारने के बाद अब राजेंद्र राठौड़ के समर्थकों ने क्षेत्र के सांसद राहुल कस्वां के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी बीच अब पोस्टर पॉलिटिक्स शुरू हो गई है।

राठौड़ और कस्वां के बीच सियासी लड़ाई चर्चा का विषय बनी हुई है। इसी बीच बुधवार को तारानगर और साहवा कस्बे में किसी ने सांसद राहुल कस्वां के पोस्टर चस्पा कर दिए। इन पोस्टर में लिखा गया है ‘मोदी जी आपसी बैर नहीं... चूरू सांसद राहुल कस्वां अब स्वीकार नहीं’ इसके साथ ही फोटो के नीचे अंग्रेजी में ‘नॉट एक्सेप्टेड’ लिखा गया है। ये पोस्टर अब सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। इस तरह के पोस्टर सामने आने के बाद से ही सियासी भूचाल मचा हुआ है। ये पोस्टर किसने लगाए हैं, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। इस संबंध में अभी तक पुलिस के पास भी कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।




### मेरा ध्येय केवल क्षेत्र का विकास, ये ओछी मानसिकता: कस्वां

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि ये ओछी मानसिकता है, लेकिन उनका ध्येय केवल व केवल क्षेत्र का विकास है। पोस्टर चिपकाने से कोई चुनाव नहीं जीत जाता है। वे अपने विकास कार्यों के दम पर चुनाव में जनता के बीच जाएंगे। सांसद कस्वां एक मीटिंग के सिलसिले में गुवाहाटी में हैं। उन्हें जब इस पोस्टर के बारे में बताया गया तो उन्होंने कहा कि यह किसी असामाजिक तत्व का काम है। यह एक गलत परंपरा है और ऐसी ओच्छी राजनीति का वे हिस्सा नहीं बनना चाहते, जनता फैसला करेगी।

### राठौड़ ने लगाए थे भितरघात के आरोप

गौरतलब है कि तारानगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के कद्दावर नेता राजेंद्र राजेंद्र राठौड़ विधानसभा चुनाव में हार गए थे। हार के बाद आभार जनसभा का आयोजन किया गया था। इसमें राठौड़ ने भितरघात का आरोप लगाते हुए बिना किसी का नाम लिए जयचंद और विभीषण जैसे नामों के जरिए अपनी ही पार्टी के कुछ लोगों को खुद की हार का जिम्मेदार ठहराया था। इसी सभा में राजेंद्र राठौड़ की मौजूदगी में भाजपा अनुसूचित जाति प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया ने सांसद राहुल कस्वां, उनके पिता रामसिंह कस्वां और मां कमला कस्वां का नाम लेते हुए पीठ में खंजर घोंपने का आरोप लगाया था।

### सामने आ गई भी भाजपा में आपसी फूट

आभार जन सभा के बाद से ही चूरू जिले की भाजपा में आपसी फूट खुलकर सामने आ गई थी। इसी बीच अंतरराष्ट्रीय पैरा ओलंपिक खिलाड़ी देवेंद्र झाझड़िया का नाम भी लोकसभा चुनाव के लिए चूरू से टिकिट की दौड़ में सामने आ रहा है। अब लोकसभा चुनावों से पहले सांसद राहुल कस्वां के खिलाफ लगाए गए ये पोस्टर फिर एक नए विवाद को जन्म देते नजर आ रहे हैं।

---

**जयचोली गांव में मुंबई-दिल्ली रेलवे ट्रैक के पास महापड़ाव 17 से**

# आंदोलन की तैयारी में जुटे जाट नेता, धरना स्थल किए चिह्नित

**बेधड़क | भरतपुर**

विधानसभा के बजट सत्र से पहले ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के लिए एक बड़ी चुनौती उनके गृह जिले से ही मिलने वाली है। केंद्र के ओबीसी कोटे में आरक्षण दिए जाने की मांग को लकर भरतपुर और धौलपुर के जाट आंदोलनकारियों ने आर-पार के संघर्ष का मूड बना लिया है। इसको लेकर 17 जनवरी से महापड़ाव की चेतावनी दी गई है।

यह महापड़ाव मुंबई-दिल्ली रेल मार्ग के पास जयचौली गांव में शुरू किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर गुरुवार सुबह आरक्षण संघर्ष समिति के पदाधिकारी महापड़ाव स्थल पर पहुंचे। आंदोलन के दौरान लोगों के लिए खान-पान की व्यवस्था की तैयारी की जा रही है।

गौरतलब है कि भरतपुर-धौलपुर जिलों के जाट समाज के लोग केंद्र में ओबीसी में आरक्षण की मांग पिछले 9 वर्षों से कर रहे हैं, जबकि इन 2 जिलों के अलावा राजस्थान के अन्य सभी जिलों के जाटों को केंद्र के ओबीसी कोटे में पहले से ही आरक्षण मिला हुआ है। भरतपुर और धौलपुर के जाटों को राजस्थान राज्य के ओबीसी कोटे से आरक्षण 2014 में खत्म कर दिया गया था।

हालांकि वसुंधरा राजे के नेतृत्व वाली तत्कालीन भाजपा सरकार ने 2017 में ओबीसी कमीशन की सर्वे रिपोर्ट के आधार पर भरतपुर और धौलपुर के जाटों को राज्य में ओबीसी आरक्षण दिया था, लेकिन केंद्र में आरक्षण नहीं मिला। जाट आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो 17 जनवरी के तुरंत बाद चक्का जाम कर दिया जाएगा। भरतपुर-धौलपुर आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह ने बताया कि 17 जनवरी से मुंबई-दिल्ली रेल मार्ग के पास महापड़ाव शुरू होने जा रहा है। इसकी तैयारियां की जा रही हैं। यदि सरकार ने मांग नहीं मानी तो चक्का जाम किया जाएगा।

### केंद्र में ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर बुलंद करेंगे आवाज




**आंदोलन स्थलों का ले रहे जायजा**

आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह फौजदार ने बताया कि भरतपुर धौलपुर के जाट समाज के लिए केंद्र में आरक्षण की मांग को लेकर 7 जनवरी को सर्वसम्मति से जयचोली गांव पर महापड़ाव का निर्णय लिया गया था। जाट समाज को जहां महापड़ाव डालना है, इसके लिए जगह का जायजा लिया जा रहा है। कई जगह चिह्नित भी कर ली हैं। साथ ही आस-पास के गांवों में दौरा सभी स्थानीय समाजबंधुओं को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही है। 17 जनवरी की रणनीति क्या रहेगी यह कमेटी तय करेगी।

### सरकार को दस दिन का दिया था अल्टीमेटम

गौरतलब है कि भरतपुर-धौलपुर जाट समाज के आरक्षण को लेकर 7 जनवरी को डीग जिले के जनूथर गांव में हुंकार सभा की गई थी। इसमें आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेम फौजदार ने ऐलान किया था कि सरकार को 10 दिन समय दिया जाता है। अगर सहमति नहीं बनी तो 17 जनवरी को उच्चैन के जयचोली गांव के पास दिल्ली-मुंबई रेलवे लाइन को जाम किया जाएगा। इस सभा में पूर्व पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह भी शामिल हुए थे। आंदोलन को लेकर आरक्षण संघर्ष समिति के पदाधिकारी लगातार जयचोली रेलवे स्टेशन का दौरा कर रहे हैं और आस-पास के गांवों में जाकर लोगों से संपर्क साध रहे हैं। साथ ही उन्हें बताया जा रहा है कि, आंदोलन के दौरान किसकी क्या जिम्मेदारी रहेगी।

---

**कई कार्यकर्ताओं ने छोड़ी पार्टी**

# अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा का न्योता ठुकराने से कांग्रेसियों में नाराजगी

**बेधड़क | कोटा**

अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के न्योते को ठुकराने से पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। पार्टी के फैसले का विरोध करते हुए कोटा में कांग्रेस के कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पार्टी का दामन छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि अब वह सनातन के लिए काम करेंगे।

दरअसल, बुधवार को कांग्रेस की ओर से एक प्रेस रिलीज जारी किया गया। इसमें कहा गया कि पिछले महीने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन का निमंत्रण मिला। भगवान राम की पूजा-अर्चना करोड़ों भारतीय करते हैं। धर्म मनुष्य का व्यक्तिगत विषय होता आया है, लेकिन भाजपा और आरएसएस ने वर्षों से अयोध्या में राम मंदिर को एक राजनीतिक परियोजना बना दिया है। अर्द्धनिर्मित मंदिर का उद्घाटन केवल चुनावी लाभ उठाने के लिए ही किया जा रहा है। लोगों की आस्था के सम्मान में मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी भाजपा व आरएसएस के इस आयोजन के निमंत्रण को ससम्मान अस्वीकार करते हैं।



### अब घर-घर बांटेंगे पीले चावल

कांग्रेस पार्टी के इस फैसले के विरोध में पार्टी छोड़ने वाले पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कहा कि अब सनातन धर्म के लिए काम करेंगे। घर-घर जाकर अयोध्या राम मंदिर निमंत्रण के पीले चावल बांटेंगे। उन्होंने कहा कि फिलहार हम किसी पार्टी में शामिल नहीं होंगे, युवाओं को जोड़ने और हिंदू संस्कृति को बचाने के लिए काम करेंगे। कांग्रेस कार्यकर्ता कंवर सिंह चौधरी ने बताया कि वह कई बर्षों से कांग्रेस के लिए काम कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान कई बार लाठियां भी खानी पड़ीं, लेकिन पार्टी के साथ डटे रहे। लेकिन, पार्टी हाईकमान ने जिस तरह से राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का निमंत्रण पत्र ठुकराया, उससे हमारी भावनाएं आहत हुई हैं। इसी के चलते हमनें कांग्रेस पार्टी छोड़ दी है।

---

**गोकशी के लिए ले जा रहे थे, टीम ने पीछा कर पकड़ा ट्रक**

## 25 गोवंश मुक्त कराए, तस्कर हुए फरार

**बेधड़क | दौसा**

जिले में एक बार फिर गो तस्करी का मामला सामने आया है। परिवहन विभाग की मुस्तैदी से गोवंश को बचा लिया गया। परिवहन विभाग की टीम ने आरोपियों का पीछा करते हुए गोवंश से भरा ट्रक पकड़ा।

कलेक्ट्री चौराहे के नजदीक परिवहन विभाग की चेकिंग के दौरान मामला सामने आया। गोकशी के लिए ले जाया जा रहे गोवंशों को छुड़ाकर पिंजरापोल गोशाला भेजा गया। परिवहन विभाग की सूचना के बाद सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। इस दौरान ट्रक चालक, परिचालक मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार दौसा में कलेक्ट्रेट के समीप परिवहन विभाग की ओर से नाकेबंदी की गई थी। इस दौरान जयपुर से अलवर की तरफ जा रहे एक ट्रक को रुकवाने की कोशिश की तो डिवाइडर तोड़कर चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। टीम ने पीछा करते हुए धान्या का बंध के पास ट्रक को रोक लिया। ट्रक चालक और अन्य लोग अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस जब ट्रक लेकर गोशाला पहुंची तो वहां किसी ने सहयोग नहीं किया। पिंजरापोल गौशाला प्रशासन की तरफ से गोवंश को ट्रक से निकलने में भी कोई सहयोग नहीं किया गया। ऐसे में पुलिसकर्मियों ने ही गोवंशों को ट्रक से बाहर निकाला। ट्रक में करीब 25 गोवंश मिले हैं, जिनमें से कइयों की हालत गंभीर थी।



---

**कर्मचारियों ने जुलूस निकाला, आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग**

## वनकर्मियों से मारपीट का जताया विरोध

**बेधड़क | बूंदी**

जिले के रामगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया में चौकी निर्माण को लेकर वन कर्मचारियों को बंधक बनाने और मारपीट करने की घटना को लेकर वन कर्मचारियों में भारी आक्रोश है।

आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज कर्मचारियों ने गुरुवार को बूंदी जिला मुख्यालय पर रैली निकालकर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपकर आरोपियों को गिरफ्तारी की मांग की। रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व एरिया के जैतपुर रेंज की माणक चौक घटाला क्षेत्र में पिछले दिनों चौकी निर्माण का विरोध कर वन कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई थी। इस घटना के बाद से वन कर्मियों में आक्रोश है। कर्मचारियों ने राजस्थान अधीनस्थ वन कर्मचारी संघ के बैनर तले रैली निकालकर विरोध जताया और प्रधान वन्य जीव मुख्य संरक्षक जयपुर के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसमें आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की गई। इससे पहले कर्मचारी नैंनवा रोड वन विभाग के कार्यालय से रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।



### चार दिन पहले किया था हमला

रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व एरिया के जैतपुर रेंज में माणक चौक घटाला पर फोरेस्ट चौकी निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने विरोध करते हुए मौके पर मौजूद फोरेस्ट गार्ड सहित अधिकारी के साथ मारपीट की थी। आक्रोशित ग्रामीणों ने गार्ड को बंधक बनाकर सरकारी संपति सहित पानी के टैंकर और अन्य संपति को काफी नुकसान पहुंचाया था। इसके बाद 13 नामजद सहित अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था।

---

**तेज रफ्तार ने छीनी सांसें**

# बाड़मेर में काल बना डंपर... पाली में ट्रेलर से टकराई स्कूल बस, 5 की मौत

प्रदेश में गुरुवार को दो जिलों में रफ्तार का कहर देखने को मिला। भीषण सड़क हादसों में पांच लोगों की जान चली गई। वहीं, दस से ज्यादा लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बाड़मेर में एक तेज रफ्तार डंपर काल बनकर दौड़ा। डंपर ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इसके चलते बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं पाली में एक स्कूल बस ट्रेलर से टकरा गई। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई।

## डंपर ने शवों को घसीटा, तीन मृतकों में 2 सगे भाई

**बेधड़क | बाड़मेर**

जिले सदर थाना क्षेत्र के सनावड़ा के पास गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों में 2 युवक सगे भाई हैं। सूचना पर सदर थाना पुलिस पहुंची और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। एएसआई लूणाराम ने बताया कि सनावड़ा गांव के पास तीन युवक सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार डंपर ने तीनों युवकों को कुचल दिया। हादसे में तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद ड्राइवर तीनों युवकों को करीब 50 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। इस बीच लोगों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी।



पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान नरपत पुत्र वीरमाराम निवासी कोशलू, विक्रम और राणाराम पुत्र रामाराम लोहार निवासी सनावड़ा है। मृतकों में नरपत और विक्रम दोनों सगे भाई हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाकर परिजनों के सूचित किया।

## ट्रेलर ने लगाए ब्रेक तो पीछे से टकराई स्कूल बस

**बेधड़क | पाली**

जिले के सुमेरपुर इलाके में गुरुवार सुबह एक स्कूल बस ट्रेलर से टकराकर भीषण हादसे का शिकार हो गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं दस से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

बस गुजरात से बच्चों को राजस्थान टूर पर लेकर आई थी। हादसा इतना भयानक था कि बस के परखच्चे उड़ गए। पुलिस के अनुसार दोनों स्कूल बसें जोधपुर-जैसलमेर के टूर पर निकली थीं। इस दौरान हाईवे पर उनके आगे डामर से भरा ट्रेलर चल रहा था। बताया गया कि ट्रेलर ने अचानक से ब्रेक लगा दिए। इसके चलते पीछे चल रही बस ट्रेलर में जा टकराई। हादसे में दो स्कूल स्टॉफ की मौत हुई है। वहीं, 12 लोग गंभीर घायल हुए हैं। सभी को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से 6 को गंभीर हालत के चलते सिरोही रेफर किया गया। हादसे के चलते हाईवे पर वाहनों का लंबा जाम लग गया। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया है। जाम खुलवाने के लिए क्रेनों की मदद ली जा रही है।



सीओ सुमेरपुर भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले मेहसाणा निवासी 60 वर्षीय प्रकाश और 35 वर्षीय विपुल चौधरी हैं।

## अधिकारी सजगता से काम करें तो लोगों को नहीं होगी परेशानी

# विद्यार्थियों के हित में कार्यों की सरल रूपरेखा करें तैयार दिलावर



बेधड़क | जयपुर

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि हम सभी विद्यार्थियों के हित और उनके सर्वांगीण विकास के लिए जिम्मेदार हैं। विभाग के सभी अधिकारी, शिक्षक और कार्मिक छात्र-छात्राओं के हितों को केन्द्र में रखकर टीम के रूप में मिलकर कार्य करते हुए विभागीय गतिविधियों, योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन की जिम्मेदारी का वहन करें।

दिलावर गुरुवार को शासन सचिवालय में अपने कक्ष में शिक्षा विभाग के अधिकारियों से विभाग की 100 दिवसीय कार्ययोजना, शाला दर्पण पोर्टल, ज्ञान संकल्प पोर्टल एवं राजस्थान पाठ्य पुस्तक मंडल की कार्यप्रणाली सहित अन्य गतिविधियों, योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ले रहे थे। उन्होंने कहा कि आमजन की ओर से प्राप्त अच्छे और व्यवहारिक सुझावों के आधार पर विभाग में सुधार के लिए निरंतर पहल की जाए, वहीं लोगों की शिकायतों और प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के लिए सजगता से काम करना होगा।

उन्होंने मीटिंग में प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के जाति और मूल निवास प्रमाणपत्र जैसे आवश्यक दस्तावेजों को बनाने के लिए संस्था प्रधानों और जिला शिक्षा अधिकारियों के समन्वय से एक सिस्टम तैयार करने के भी निर्देश दिए। दिलावर ने शिक्षा विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों पर चर्चा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस दिशा में सोचें और इसकी कार्ययोजना बनाएं। दिलावर ने बताया कि वर्ष 2006 में हमारी सरकार के समय में विद्यार्थियों से बिना एप्लीकेशन लिए मूल निवास और जाति प्रमाण पत्र बनवाने की पहल की गई थी। इसके तहत स्कूलों के संस्था प्रधानों ने एक प्रोफार्मा तैयार कर छात्र-छात्राओं से भरवाया गया, फिर इसमें ग्राम सेवक और पटवारी के साथ समन्वय करते हुए जानकारी को वेरीफाई कराया गया। जिला शिक्षा अधिकारियों के स्तर पर अग्रिम कार्यवाही करते हुए बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के ऐसे प्रमाण पत्र बनवाए गए थे। उन्होंने इसी तर्ज पर शिक्षा विभाग के स्तर पर सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि पाठ्य नए सत्र में स्कूलों के खुलते ही पाठ्यक्रम की सभी किताबें बच्चों के पास पहुंचे, इस लिहाज से कार्ययोजना और प्रक्रियाओं का निर्धारण किया जाए। उन्होंने सतत शिक्षा और साक्षरता से संबंधित गतिविधियों की प्रगति के बारे में भी अधिकारियों से फीडबैक लिया।

## Yuva स्टोरीज




### विमुक्ति की छात्राओं ने जीती इंटर स्कूल प्रतियोगिता

**जयपुर।** गुरुवार को खंडेलवाल वैश्य गर्ल्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (केवीजी आईटी) वैशाली नगर में इंटर स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शहर की 40 स्कूलों के 100 से ज्यादा स्टूडेंट्स ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विमुक्ति संस्था की छात्राओं ने बाजी मारी। इसमें राइटिंग, डिबेट सहित कई गतिविधियां शामिल थीं। विमुक्ति संस्था गर्ल चाइल्ड एजुकेशन के क्षेत्र में बरसों से काम करती आ रही है। संस्था में लड़कियों को एजुकेट करने के साथ-साथ दूसरे विभिन्न क्षेत्रों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। प्रतियोगिता में रिले राइटिंग में पहले स्थान पर वर्षा यादव व निहारिका कुमावत रहीं उन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। जबकि स्केट्स में पहला स्थान मनीषा पेम, किरण नायक, खुशी बेनीवाल, रेणु कुमावत ने प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक जीता । उन्हें इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई दी गई।

### जोधपुर का सुमेर जापान में युकिगासेन वर्ल्ड स्नोबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लेगा



**जोधपुर।** जापान में होने वाली वर्ल्ड स्नोबॉल चैंपियनशिप में जोधपुर के सुमेर भाग लेने जाएंगे। प्रतियोगिता का आयोजन टोक्यो में 22 से 26 फरवरी तक होगा। सुमेर ने अब तक कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीते हैं। राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर और सीनियर नेशनल में बेहतर प्रदर्शन के बाद इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाला सुमेर राजस्थान से एकमात्र खिलाड़ी होगा। स्नोबॉल के कोच दिनेश कुमार ने जानकारी दी कि सुमेर स्नोबॉल में राजस्थान के बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। जोधपुर के लूणी उपखण्ड के छोटे से गांव नंदवान के रहने वाले इस खिलाड़ी ने सीनियर नेशनल के साथ ही राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया और इसी आधार पर वर्ल्ड चैंपियनशिप में सुमेर का चयन हुआ।

### फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम 360 डिग्री

## टीचिंग के लिए करें सोशल मीडिया का क्रिएटिव यूज



**जयपुर।** चैलेंजेज एंड सोल्यूशन्स इंस्टीट्यूशनल डेवलपमेंट व सोशल मीडिया प्रेजेंस को इंक्रीज करने के लिए बियानी ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेज में फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम चिंतन 360 का आयोजन हुआ। कॉलेज के निदेशक डॉ संजय बियानी ने चैलेंजेज एंड सोल्यूशन्स इंस्टीट्यूशनल डेवलपमेंट पर सेशन लिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया का युग है और हमें आज के हिसाब से सोशल मीडिया का यूज करना आना चाहिए। इसलिए जो हम विद्यार्थियों को फिजिकली नहीं सिखा सकते वह नॉलेज हम उन्हें क्रिएटिव तरीके से दे सकते है। उन्होंने फैकल्टीज से अनुरोध किया कि आप सभी टीचर्स अपने विषय या किसी खास अवसर से जुड़ी हर महत्त्वपूर्ण व लेटेस्ट जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर करें।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बियानी कॉलेज के चेयरमैन डॉ. राजीव बियानी, असिस्टेंट डायरेक्टर अभिषेक बियानी, प्राचार्या डॉ. नेहा पाण्डे, स्टूडेंट वेलफेयर डीन सुमेधा बाजपेयी मौजूद रहीं।

प्राचार्या डॉ. नेहा पाण्डे ने टीचर्स को लिंकडिन पर पोस्ट शेयर करने का सुझाव दिया। अस्सिटेंट डायरेक्टर अभिषेक बियानी ने कहा कि ये एक ऐसा प्लेटफार्म है जो लोगों के मन में किसी संस्था, किसी व्यक्ति की इमेज क्रिएट करता है।

### लक्ष्य-2024: बेनी दयाल ने दी लाइव परफॉर्मेंस

# म्यूजिकल बीट्स के साथ स्पोर्ट्स में दिखाया टैलेंट

बेधड़क | जयपुर


पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में हार्मनी इन डाइवर्सिटी थीम पर इन दिनों एनुअल स्पोर्ट्स व कल्चरल फेस्ट 'लक्ष्य 2024' का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रोग्राम में दिनभर की खेल प्रतियोगिताओं के बाद स्टूडेंट्स ने सेलिब्रिटी नाइट एंजॉय की। कार्यक्रम में गुरुवार को सिंगर बेनी दयाल ने अपने ग्रुप के साथ लाइव परफॉर्मेंस दी।

इससे पहले दिल्ली के पॉप बैंड स्पेस चिंम्प्स और डीजे शान की ओर से भी प्रभावी प्रस्तुतियां दी गईं। दिनभर के खेल मुकाबलों की थकान के बावजूद स्टूडेंट्स ने सेलिब्रिटी नाइट में काफी उत्साह के साथ हिस्सा लिया।



### खेल भावना से जीते मैच

स्पोर्ट्स सेगमेंट के कुछ अन्य मुकाबलों में स्टूडेंट्स ने थ्री लेग रेस, बेंच प्रेस, बॉक्स क्रिकेट, वॉलीबॉल, टग ऑफ वॉर, बास्केटबॉल और अमेरिकन फुटबॉल के मुकाबलों में भाग लिया। इन खेलों में स्टूडेंट्स के बीच खेल भावना और टीम स्पिरिट देखने को मिली। वहीं दूसरी ओर ई-स्पोर्ट्स श्रेणी में सीओडी मोबाइल कॉम्पिटिशन हुआ। इनके अलावा एक्सटेम्पोर, ट्रेजर हंट, डिजिटल पोस्टर मेकिंग, कोड जैम, इंक अप और टैटू मेकिंग कॉम्पटिशन का आयोजन किया गया। शाम को सेलिब्रिटी नाइट से पूर्व रैप एंड बीट बोनांजा ने स्टूडेंट्स में नवीन ऊर्जा का संचार किया। फेस्ट के तहत शुक्रवार को बॉलीवुड म्यूजिक डायरेक्टर व सिंगर अमित त्रिवेदी की लाइव परफॉर्मेंस होगी।



### स्पोर्ट्स से आता है आत्मविश्वास

एनुअल स्पोर्ट्स व कल्चरल फेस्ट के तहत गुरुवार को दिन में गर्ल्स के बीच रोमांचक फुटबॉल मैच हुआ, जिसमें जीत के लिए लड़कियों ने जान की बाजी लगा दी। मैच जीतने के लिए गर्ल्स ने कड़ी मशक्कत की। नॉलेज व फन कैटेगरी में थिंक आउट ऑफ द बॉक्स, पूर्णिमा प्रीमियर लीग, माइनफील्ड, ऑब्जेक्ट आर्ट जैसी गतिविधियों में स्टूडेंट्स के नॉलेज की कड़ी परख हुई। पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के प्रेसीडेंट डॉ. सुरेश चंद्र पाढ़ी ने बताया कि स्टूडेंट्स के ओवरऑल डेवलपमेंट के लिए फेस्ट में स्पोर्ट्स व कल्चरल के साथ-साथ ऐसी प्रतियोगिताओं को भी शामिल किया गया है। ये कॉम्पटिशन स्टूडेंट्स में कम्युनिकेशन स्किल व लीडरशिप स्किल, डिसिजन मेकिंग, टाइम मैनेजमेंट, ट्रस्ट, टीम वर्क, जैसे गुण विकसित करने में सहायक साबित होती हैं। सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर मीट में कुछ इन्फ्लूएंसर्स ने स्टूडेंट्स के साथ इंटरेक्ट किया।




### 67वीं राष्ट्रीय स्कूली लॉन टेनिस स्पर्धा

## राजस्थान की छात्राओं ने जीता गोल्ड मेडल

बेधड़क | जोधपुर

जोधपुर में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली लॉन टेनिस स्पर्धा में 17 वर्ष आयु वर्ग में राजस्थान की छात्रा टीम ने गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया है। राजस्थान की टीम ने इस स्पर्धा के फाइनल में तमिलनाडु को हराकर गोल्ड मेडल जीता। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम की खिलाड़ियों और कोच सहित अधिकारियों और विभाग की पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

जोधपुर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उदय मंदिर के संयोजन में इस 67 वीं राष्ट्रीय स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता के फाइनल में राजस्थान की जाह्नवी काजला ने तमिलनाडु की साविथा बी. को 6-1 से व राजस्थान की दिव्या यादव ने तमिलनाडु की विनोदीनि को 6-2 से हराकर राजस्थानी की टीम को स्वर्णिम सफलता दिलाई। स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने भी टीम के सराहनीय प्रदर्शन पर सभी को बधाई दी।



## बच्चों को वितरित किए स्वेटर

**जयपुर।** हीरापुरा स्थित कमला देवी बुधिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह हरिप्रसाद बुधिया के जन्मदिवस पर बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता सुरेश मिश्रा ने कार्यक्रम में शिरकत की। भामाशाह प्रतिनिधि सौरभ शर्मा, पवन शर्मा, रोहित शर्मा व नवनीत ने विद्यालय प्रधानाचार्य ममता मेहरा के साथ स्कूल के विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए। समस्त स्टाफ ने भामाशाह बुधिया को शुभकामनाएं दीं।



### जॉब फेयर | 17500 उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आज कॅरिअर मेला

# कॅरिअर डे पर युवाओं को मिलेंगे रोजगार के भरपूर अवसर

### ■ रोजगार के लिए पहल

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में शुक्रवार को कॅरिअर डे के मौके पर 17 हजार 500 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में स्वामी विवेकानंद की जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) मनाई जाएगी। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से कॅरिअर डे का आयोजन किया जा रहा है। कॅरिअर मेले के सफल आयोजन के लिए विभाग के अधिकारियों और संस्था प्रधानों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रदेश के सीनियर



सैकेंडरी स्कूलों में इन मेलों से विद्यार्थियों को कॅरिअर विकल्पों को तलाशने में मदद मिलेगी। स्टूडेंट्स को एक ही छत के नीचे विभिन्न कॅरिअर ऑप्शंस प्रदान करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से प्रदेश के समस्त राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में इन मेलों का आयोजन किया जा रहा है। जहां विद्यार्थी अलग-अलग इंडस्ट्रीज के विषय विशेषज्ञों के साथ संवाद करेंगे, विभिन्न रोजगारों और व्यवसायों में अपनी भावी भूमिकाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। साथ ही कॅरिअर अवसरों के लिए आवश्यक कौशल और योग्यताओं का ज्ञान अर्जित करेंगे।

शासन सचिव नवीन जैन ने जानकारी दी कि प्रदेश के 17 हजार 500 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विशेषज्ञों को आमंत्रित कर परामर्श सत्र के लिए कॅरिअर जानकारी बूथ स्थापित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त रोजगार, कौशल विकास एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण से संबंधित सरकारी विभागों, स्थानीय महाविद्यालय, एनजीओ एवं अन्य संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को भविष्य में रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। साथ ही एलुमनाई नेटवर्किंग, कम्पनी भ्रमण तथा विद्यार्थियों के लिए पोस्टर, रंगोली, पत्र वाचन, क्विज, निबंध लेखन, कविता पाठ आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई जाएगी।

# भारत के वक्ष पर धड़कते स्वामी विवेकानंद के विचार




**अरविंद जयतिलक**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारतीय समाज और राष्ट्र के जीवन में नवीन प्राणों का संचार करने वाले स्वामी विवेकानंद का जीवन जितना रोमांचकारी रहा उतना ही प्रेरणादायक भी। उन्होंने अपने विचारों से अतीत के अधिष्ठान पर वर्तमान का और वर्तमान के अधिष्ठान पर भविष्य का बीजारोपण कर देश की आत्मा को चैतन्यता से भर दिया। स्वामीजी का उदय ऐसे समय में हुआ जिस समय भारत के सामाजिक पुनरुत्थान के लिए राजाराम मोहन राय और शिक्षा के विकास के लिए ईश्वरचंद विद्यासागर जैसे अनगिनत मनीषी भारतीय समाज में नवचेतना का संचार कर रहे थे। स्वामी जी ने अपने विचारों के जरिए स्वधर्म और स्वदेश के लिए अप्रतिम प्रेम और स्वाभिमान की ऊर्जा प्रवाहित कर जाग्रत-शक्ति का संचार किया, जिससे भारतीय जन के मन में अपनी ज्ञान, परंपरा, संस्कृति और विरासत का गर्वपूर्ण बोध हुआ। स्वामीजी की दृष्टि में समाज की बुनियादी इकाई मनुष्य था और उसके उत्थान के बिना वे देश व समाज के उत्थान को अधूरा मानते थे। उनका दृष्टिकोण था कि राष्ट्र का वास्तविक पुनरुद्धार मनुष्य-निर्माण से प्रारंभ होना चाहिए। मनुष्य में शक्ति का संचार होना चाहिए जिससे कि वह मानवीय दुर्बलताओं पर विजय प्राप्त करने में और प्रेम, आत्मसंयम, त्याग, सेवा एवं चरित्र के अपने सद्गुणों के जरिए उठ खड़ा होने का सामर्थ्य जुटा सके। वे सर्वसाधारण जनता की उपेक्षा को एक बड़ा राष्ट्रीय पाप मानते थे। 1893 में शिकागो में धर्म सम्मेलन (पार्लियामेंट आर्फ रिलीजन) के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि 'मेरी यह धारणा वेदांत के इस सत्य पर आधारित है कि विश्व की आत्मा एक और सर्वव्यापी है। पहले रोटी और फिर धर्म। लाखों लोग भूखों मर रहे हैं और हम उनके मस्तिष्क में धर्म ठूंस रहे हैं।

मैं ऐसे धर्म और ईश्वर में विश्वास नहीं करता, जो अनाथों के मुंह में एक रोटी का टुकड़ा भी नहीं रख सकता।' उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित अमेरिका और यूरोप के धर्म विचारकों व प्रचारकों को झकझोरते हुए कहा कि 'भारत की पहली आवश्यकता धर्म नहीं है। वहां इस गिरी हुई हालत में भी धर्म मौजूद है। भारत की सच्ची बीमारी भूख है। अगर आप भारत के हितैषी हैं तो उसके लिए धर्म प्रचारक नहीं अन्न भेजिए।' स्वामीजी गरीबी को सारे अनर्थों की जड़ मानते थे। इसलिए उन्होंने दुनिया को सामाजिक-आर्थिक न्याय और समता-समरसता पर आधारित समाज गढ़ने का संदेश दिया। वे ईश्वर-भक्ति और धर्म-साधना से भी बड़ा काम गरीबों की गरीबी दूर करने को मानते थे। एक पत्र में उन्होंने ने लिखा है कि 'ईश्वर को कहां ढूंढने चले हो। ये सब गरीब, दुखी और दुर्बल मनुष्य क्या ईश्वर नहीं है? इन्हीं की पूजा पहले क्यों नहीं करते?' उन्होंने स्पष्ट घोषणा की थी कि 'गरीब मेरे मित्र हैं। मैं गरीबों से प्रीती करता हूं। मैं दरिद्रता को आदरपूर्वक अपनाता हूं। गरीबों का उपकार करना ही दया है।' वे इस बात पर बल देते थे कि हमें भारत को उठाना होगा, गरीबों को भोजन देना होगा और शिक्षा का विस्तार करना होगा। स्वामीजी ने भारत के लोगों को संबोधित करते हुए शिकागो से एक पत्र में लिखा याद रखो कि देश झोपड़ियों में बसा हुआ है, परंतु शोक! उन लोगों के लिए कभी किसी ने कुछ नहीं किया।' स्वामीजी गरीबों को लेकर बेहद संवेदनशील थे। उन्होंने गुरु रामकृष्ण परमहंस के स्वर्गारोहण के बाद उनकी स्मृति में 'रामकृष्ण मिशन' की स्थापना की। मिशन का उद्देश्य गरीबों, अनाथों, बेबसों और रोगियों की सेवा करना था। जब उन्होंने मठ के संयासियों के समक्ष यह प्रस्ताव रखा तो उनका भारी विरोध हुआ। संयासियों ने तर्क दिया कि हम संयासियों को ईश्वर की आराधना करना चाहिए न कि दुनियादारी में पड़ना चाहिए। स्वामीजी संयासियों के उत्तर से बेहद दुखी हुए। उन्होंने कहा कि आप लोग समझते हैं कि ईश्वर के आगे बैठने से वह प्रसन्न होगा और हाथ पकड़कर स्वर्ग ले जाएगा तो यह भूल है। आंखें खोलकर देखो कि तुम्हारे पास कौन है। स्वामीजी ने दरिद्र को नारायण कहा। उन्होंने कहा कि 'आप अपना शरीर, मन, वचन सब कुछ परोपकार में लगा दो। तुमको पता है 'मातृ देवो भवः, पितृ देवो भवः, अर्थात माता में ईश्वर का दर्शन करो। पिता में ईश्वर का दर्शन करो' लेकिन मैं कहता हूं 'दरिद्र देवो भवः, मूर्ख देवो भवः। अनपढ़, नादान और पीड़ित को अपना भगवान मानो और जानो कि इन सबकी सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है।' उनका मानना था कि मानवता के सत्य को पहचानना ही वास्तव में वेदांत है। वेदांत का संदेश है कि यदि आप अपने बांधवों अर्थात साक्षात ईश्वर की पूजा नहीं कर सकते तो उस ईश्वर की पूजा कैसे करोगे जो निराकार है।

स्वामीजी ने सुझाव दिया कि इन गरीबों, अनपढ़ों, अज्ञानियों एवं दुखियों को ही अपना भगवान मानो। स्मरण रखो, इनकी सेवा ही तुम्हारा परम धर्म है। स्वामीजी ने तीन भविष्यवाणियां की थी, जिनमें से दो-भारत की स्वतंत्रता और रूस में श्रमिक क्रांति, जो कि सत्य सिद्ध हो चुकी हैं। स्वामी जी ने तीसरी भविष्यवाणी की थी कि भारत एक बार फिर समृद्धि व शक्ति की महान ऊंचाइयों तक उठेगा। स्वामी जी का मातृभूमि से तादातम्य संपूर्ण था। वे स्वयं को 'घनीभूत भारत' कहते थे। स्वामीजी की शिष्या भगिनी निवेदिता ने अपनी मातृभूमि से उनके सम्मिलन को अभिव्यक्त करते हुए कहा है कि 'भारत स्वामीजी का गहनतम अनुराग रहा है, भारत उनके वक्ष पर धड़कता है, भारत उनकी नसों में स्पंदन करता है, भारत उनका दिवास्वप्न है, भारत उनका निशाकल्प है, वे भारत का रक्त-मज्जा से निर्मित साक्षात शरीर रूप हैं, वे स्वयं ही भारत हैं।'

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



**स्वामी विवेकानंद की जयंती पर विशेष**

*“स्वामी विवेकानंद ने गुरु रामकृष्ण परमहंस के स्वर्गारोहण के बाद उनकी स्मृति में 'रामकृष्ण मिशन' की स्थापना की। मिशन का उद्देश्य गरीबों, अनाथों, बेबसों और रोगियों की सेवा करना था। जब उन्होंने मठ के संयासियों के समक्ष यह प्रस्ताव रखा तो उनका भारी विरोध हुआ।”*

## जयपुर में हुई तीन दिवसीय डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस

# मोदी के संदेश से ब्यूरोक्रेसी मोटिवेट



**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जयपुर में देशभर के डीजी-आईजी कांफ्रेंस के दौरान तीन दिन की जयपुर यात्रा के पहले दिन राजस्थान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में विधायकों-संगठन पदाधिकारियों के बीच जिस तरह से डबल इंजन की सरकार का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया हैं, वहीं ब्यूरोक्रेसी और तबादलों को लेकर जो संदेश दिया है वह न केवल समसामयिक है, अपितु देश की ब्यूरोक्रेसी के लिए भी उत्साहवर्द्धक है। दरअसल सरकार बदलते ही पूर्व सरकार से जुड़े ब्यूरोक्रेसी में बदलाव का दौर आरंभ हो जाता है और ब्यूरोक्रेसी के अधिकारियों की निष्ठा और प्रतिवद्धता पर प्रश्न उठाए जाने लगते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्यूरोक्रेसी को लेकर साफ संदेश दिया है कि ब्यूरोक्रेसी कभी भी किसी पार्टी की नहीं होती। ब्यूरोक्रेसी हमेशा सरकार की मंशा और मेंडेट के अनुसार काम करती है। जो सरकार होती है और उसकी जो रीति-नीति होती है उसको धरातल पर अमली जामा पहुंचाने की जिम्मेदारी ब्यूरोक्रेसी की होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में बड़ी बात कही कि ब्यूरोक्रेसी जिस पार्टी की सरकार होगी, उसके अनुरूप ही काम करती है। इस संदेश में सबसे बड़ी बात यह है कि प्रधानमंत्री ने एक तरह से देश और प्रदेशों की ब्यूरोक्रेसी पर विश्वास जताने के साथ ही उत्साहवर्द्धन भी किया है।

दरअसल ब्यूरोक्रेसी सरकार की रीति-नीति और योजनाओं-कार्यक्रमों को अमली जामा पहनाने का काम करती है। ब्यूरोक्रेसी में कुछ अधिकारी प्रोएक्टिव होते हैं तो कुछ अधिकारी अपनी गति से चलते हैं। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि अपवाद स्वरूप एकाध अधिकारी हो सकते हैं जो पार्टी विशेष की धारा के अनुसार चलते हैं या चलने का प्रयास करते हैं पर सरकार की निगाह में ऐसे अधिकारी आ ही जाते हैं और सरकार स्वयं उन्हें किनारे करने में देरी नहीं करती। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि कुछ ब्यूरोक्रेट्स रिजल्ट ओरियंटेड होते हैं तो कुछ अधिकारी क्राइसिस मैनेजमेंट में एक्सपर्ट होते हैं। अब होता यह है कि प्रोएक्टिव, क्राइसिस मैनेंजमेंट में आगे रहने वाले या रिजल्ट ओरियंटेड अधिकारी निगाह में भी जल्दी ही आ जाते हैं और कुछ लोगों को उनका इस तरह से आगे आना या आगे रहना सुहाता नहीं है। बदलाव के समय इन्हें कुछ समय के लिए खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। इसीलिए आज के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश खास अहमियत रखता है। वैसे भी जब सरकार बनती है तो मुख्यमंत्री अपने विश्वास, संजीदा और रिजल्ट ओरियंटेड अधिकारी को लेकर ही अपनी टीम बनाते हैं। सरकार बदलने पर कुछ समय के लिए यह अधिकारी अवश्य नजरों में रहते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां तबादला डिजायरों से भी दूर रहने की सलाह दी है और इसके लिए स्व. भैरोसिंह जी के समय का उदाहरण भी दिया है। मुझे अच्छी तरह ध्यान है कि उस समय जब अत्यधिक दबाव पड़ने लगा तो तत्कालीन सहकारिता मंत्री सुजान सिंह यादव का साफ कहना रहा कि यदि अधिकारी की शिकायत है तो वे जनप्रतिनिधि की शिकायत पर उस पद से हटाने में कोई देरी नहीं करेंगे पर जहां तक उस पद पर किसी को लगाने की बात है तो उन्होंने साफ-साफ कहा कि सरकार वहां पर अपनी सोच और समझ के अनुसार अधिकारी लगाएगी। यानी कि डिजायर आप अधिकारी को हटाने की तो कर सकते हैं पर अपनी पसंद के अधिकारी को लगाने की नहीं। इस तरह के अनेक उदाहरण मिल जाएंगे। दरअसल गंभीरता से देखा जाए तो यह तबादला उद्योग और डिजायर सिस्टम सरकार की बदनामी का भी बड़ा कारण बनता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साफ संदेश देने का प्रयास किया है। फिर ब्यूरोक्रेसी से काम लेने की कला तो सरकार में होनी ही चाहिए, यह अपेक्षा की जाती रही है। देखा जाए तो लोकतात्रिंक व्यवस्था में ब्यूरोक्रेसी की खास भूमिका होती है। भारतीय चिंतकों से लेकर देश-दुनिया के जाने-माने चिंतकों ने ब्यूरोक्रेसी के महत्व को स्वीकारने के साथ ही ब्यूरोक्रेसी की भूमिका भी अपने-अपने तरीके से तय की है। कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' में ब्यूरोक्रेसी यानी कि नौकरशाही के बारे में विस्तार से बताया गया है, लेकिन आज हम जिस रूप में ब्यूरोक्रेसी को देखते हैं उसको किसी सीमा में नहीं बांधा जा सकता।

प्राचीन मिस्र और रोम में भी नौकरशाही की मौजूदगी के प्रमाण मिलते हैं, लेकिन प्राचीन नौकरशाही प्रमुखतः राजशाही पर आधारित थी, शासक के निजी विचार व भावनाओं पर शासन चलता था। किंतु आज की ब्यूरोक्रेसी कानून कायदों से चलने वाली व्यवस्था है। पूंजीवाद और प्रजातंत्र के विस्तार ने आधुनिक नौकरशाही को सरकार का अनिवार्य अंग बना दिया है। 1745 में फ्रांसीसी अर्थशास्त्री विन्सेंट डी गोर्नी ने ब्यूरोक्रेसी शब्द का प्रयोग किया। नौकरशाही को अंग्रेजी में 'ब्यूरोक्रेसी' कहते हैं, जो लेटिन भाषा के 'ब्यूरो' जिसका अर्थ है 'मेज' और ग्रीक भाषा के 'क्रेसी' जिसका अर्थ है 'शासन' से मिलकर बना है। इस प्रकार 'ब्यूरोक्रेसी' का तात्पर्य 'मेज का शासन' से है। जॉन स्टुअर्ट मिल के अनुसार नौकरशाही का अर्थ समाज में सरकार के व्यावसायिक रूप से दक्ष प्रशासकों से है। जर्मन समाजशास्त्री मैक्स वेबर पहले ऐसे विद्वान हैं जिन्होंने नौकरशाही के नकारात्मक पहलुओं के बजाय सकारात्मक पहलुओं पर ज्यादा बल दिया और नौकरशाही के आदर्श मॉडल का प्रतिपादन किया। वेबर ने नौकरशाही के बारे में बताया कि नियुक्त किए गए अधिकारियों का समूह ब्यूरोक्रेट कहलाता है। साल 1920 में वेबर की किताब 'विर्टशॉफ्ट एंड गेसलशॉफ्ट' प्रकाशित हुई, जिसमें उन्होंने सत्ता के सिद्धांत के बारे में बताया है। वेबर के अनुसार सत्ता के तीन रूप हैं- ट्रेडिशनल पॉवर, मिराकूलस पॉवर एवं लीगल पॉवर। यह भी साफ हो जाना चाहिए कि शासन में ब्यूरोक्रेसी की भूमिका लगभग तय होती है, जहां चुनी हुई सरकार कानून-कायदे, योजनाओं, कार्यक्रमों या यों कहें कि अपना एजेंडा प्रस्तुत करते हैं वहीं धरातल पर अमली जामा पहनाने की जिम्मेदारी व अहम भूमिका ब्यूरोक्रेसी की होती है। इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रजातंत्र में चुनी हुई सरकार की इच्छाशक्ति और वीजन का बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साफ संकेत दे दिया है कि ब्यूरोक्रेसी पर विश्वास कायम होना चाहिए और डिजायर सिस्टम से दूर रहना चाहिए। होना यह भी चाहिए कि एक सीमित सीमा तक ही डिजायर सिस्टम को महत्व दिया जाएं क्योंकि इसे पूरी तरह से व्यवस्था से अलग करना थोड़ा मुश्किल भरा काम रहेगा। वहीं सरकार को अपना एजेंडा व मेंडेट स्पष्ट रूप से ब्यूरोक्रेसी को सौंपते हुए उसे धरातल पर लाने की जिम्मेदारी मय जबावदेही की दी जानी चाहिए। संभवतः यही मंशा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह सोच और संदेश देश की ब्यूरोक्रेसी में नए उत्साह का संचार करेगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



*“तबादला उद्योग और डिजायर सिस्टम सरकार की बदनामी का भी बड़ा कारण बनता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साफ संदेश देने का प्रयास किया है। फिर ब्यूरोक्रेसी से काम लेने की कला तो सरकार में होनी ही चाहिए, यह अपेक्षा की जाती रही है। देखा जाए तो लोकतात्रिंक व्यवस्था में ब्यूरोक्रेसी की खास भूमिका होती है।”*


## नॉलेज कॉर्नर: वैज्ञानिकों ने विकसित किया ई-सॉइल, बड़े बदलाव की संभावना

# इलेक्ट्रॉनिक मिट्टी से दोगुनी होगी पैदावार!

वैज्ञानिकों ने अब इलेक्ट्रॉनिक मिट्टी यानी ई सॉइल को विकसित कर लिया है। उनका दावा है कि यह मिट्टी खेती के क्षेत्र में बड़ा बदलाव ला सकती है। इसे विकसित करने वाली स्वीडन की लिनकोपिंग यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों का दावा है कि ई-सॉइल की मदद से मात्र 15 दिन के अंदर फसल की उपज को दोगुना किया जा सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ई-सॉइल के जरिए अब शहरों में भी खेती की जा सकेगी। खराब मौसम के बावजूद खेती संभव होगी। लिंकोपिंग यूनिवर्सिटी की एसोसिएट प्रोफेसर एलेनी ने इस मिट्टी का प्रयोग जौ के पौधे पर किया, जिसमें चौंकाने वाले नतीजे सामने आए हैं। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं ई-सॉइल के बारे में...

### ऐसी है इलेक्ट्रॉनिक मिट्टी

वैज्ञानिकों का दावा है कि उन्होंने इस तरह की मिट्टी विकसित की है जो सामान्य मिट्टी से ज्यादा उपजाऊ है। इसमें पौधे तेजी से बढ़ते हैं। वैज्ञानिकों ने मिट्टी को ऐसे तैयार किया है जिससे उनमें बिजली प्रवाहित करके खेती के लिए इस्तेमाल किया जा सके। इसे उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक मिट्टी का नाम दिया है। रिसर्च से जुड़े शोधकर्ताओं का मानना है कि दुनिया की आबादी तेजी से बढ़ रही है। दुनिया जलवायु परिवर्तन से गुजर रही है। भविष्य में खेती के मौजूदा तरीकों से फसल उगाना पर्याप्त नहीं होगा। ऐसे में ये तरीके काफी कारगर साबित होंगे।



### कम पानी की जरूरत

वैज्ञानिकों ने इलेक्ट्रॉनिक मिट्टी का प्रयोग जौ के पौधे पर किया है। जिसमें विद्युत का प्रयोग रूट सिस्टम पर किया गया है। इसका प्रयोग पानी में पौधों को उगाने की विधि पर किया गया है, जिसे हाइड्रोपोनिक्स कहते हैं। हाइड्रोपोनिक्स पौधों को उगाने का वो तरीका है जिसमें पानी की बहुत कम जरूरत होती है। वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि जौ, हर्ब और कुछ सब्जियों को पहले ही इस विधि से उगाया जा रहा है। रिसर्च में शोधकर्ताओं ने साबित किया है कि जौ को न सिर्फ इस विधि के जरिए उगया जा सकता है बल्कि इलेक्ट्रिकल स्ट्रिमुलेशन के जरिए उनकी बढ़त पर भी सकारात्मक असर डाला जा सकता है। यानी उनकी ग्रोथ को बढ़ाया जा सकता है।

### एनर्जी का कम इस्तेमाल

*ई-सॉइल को सेल्युलोज से बनाया गया है। यह एक बायोपॉलिमर है। जिसमें इलेक्ट्रिकल स्ट्रिमुलेशन गुजारा जाता है। रिसर्च में सामने आया कि यह बहुत कम एनर्जी का इस्तेमाल करती है और हाई वोल्टेज का खतरा भी नहीं होता है। इस रिसर्च की मदद से फसल की उपज का दायरा बढ़ाया जा सकेगा।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

## व्यंग्य



कवि
**मुकेश पोपली**

# पतंगबाज के नाम एक पाती

*हे पतंगबाज!*
*तुमने अपने शौक के लिए*
*बहुत पैसा लुटाया*

*हजारों पतंगें उड़ाई*
*खूब मांझा लड़ाया*
*हर पतंग काटने पर*

*बोइकाटा का हल्ला*
*मचाया सर पर टोपी*
*आंखों पर चश्मा*
*धूप से बचने के लिए*

*छत पर बड़ा सा टैंट लगाया*
*दिन भर चला खाना-पीना*
*साथ में डीजे भी बजाया*

*मौज ही रही हर पल*
*सबको बहुत मजा आया*
*मगर तुम्हारी इस मस्ती से*
*तुम्हारे घर के सामने*

*लहलहाते वृक्ष पर बने एक घोंसले में*
*रह रहा एक पक्षी बहुत घबराया*
*पता ही नहीं चला तुम्हें*
*भूखा-प्यासा रहा वो सुबह से रात तक*


*माझे के डर से उड़ान ही नहीं भर पाया*
*थकावट और भूख से परेशान*
*बहुत धीरे-धीरे वो पेड़ से नीचे आया*

*कल का बचा-खुचा जो फेंका था तुमने*
*वही दाना चुनकर अपने पंखों को फड़फड़ाया*
*मगर उड़ान नहीं भर पाया*


*अगर तुम्हारी मस्ती का नशा उतर गया हो*
*जाकर जरा उसे सहलाओ*
*पानी दो और दाना खिलाओ*
*उसे भी उड़ने लायक बनाओ।*



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
**@RahulGandhi**
अब तो ले के रहेंगे न्याय..
सहो मत, डरो मत!
भारत जोड़ो न्याय यात्रा से जुड़ें,
+91 9891802024 पर मिस्ड कॉल करें।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
**@SadhguruJV**
आपके जीवन का हर अनुभव - प्रकाश और अंधकार, दर्द और खुशी, दुख और खुशी, पीड़ा और परमानंद - केवल आपके भीतर ही घटित होता है।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
**@gaurgopald**
कौए की तेज कांव-कांव अधिक से अधिक कोयल की मधुर कूक को अनसुना कर सकती है, परंतु ऐसे ओछे कृत्य से वह अपनी आवाज को मधुर नहीं बना सकता।

**राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह: जोरशोर पर जारी हैं तैयारियां, पहुंच रहे हैं रामलला के लिए उपहार**

# प्रधानमंत्री मोदी राम मंदिर निर्माण में लगे श्रमिकों के साथ करेंगे संवाद

**एजेंसी** | अयोध्या

राम नगरी अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां जोरों पर जारी हैं। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर निर्माण में लगे कर्मयोगियों का भी उत्साहवर्धन करेंगे। इसके लिए एक दीर्घा बनाई जाएगी। इस दीर्घा में इंजीनियरों के साथ श्रमिक भी होंगे, जिनसे पीएम संवाद करेंगे। मंदिर के निर्माण में तीन से साढ़े तीन हजार श्रमिक लगे हैं। करीब 10 से 15 प्रतिशत श्रमिकों को पीएम के साथ संवाद में आमंत्रित कर की योजना है। ऐसे में आमंत्रित श्रमिकों की संख्या 300 से 500 के बीच हो सकती है।



### स्वर्ण मंडित नगाड़ा पहुंचा अयोध्या

श्री राम जन्मभूमि मंदिर में एटा के लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल की ओर से 2400 किलोग्राम वजन का एक विशाल घंटा चढ़ाया गया है। इसके अलावा सोने की फॉइल से सजाया गया एक नगाड़ा अयोध्या लाया गया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने कहा है कि देखेंगे कि इसे मंदिर परिसर में कहां स्थापित किया जा सकता है। इसके अलावा मंदिर में लगाने के लिए 10 फीट ऊंचा ताला, 8 देशों का समय एक साथ बताने वाली घड़ी, मंदिर में जलाने के लिए 1100 किलो का दीपक, भगवान श्रीराम के लिए सोने के खड़ाऊ और 108 फीट लंबी अगरबत्ती के साथ-साथ अनेकों ऐसे उपहार हैं जो लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।

### अब सीताराम की जगह होगी अयोध्या नाथ की स्तुति

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले पूजा पद्धति में बदलाव की चर्चा शुरू हो गई है। पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि अब माता सीता और प्रभु श्रीराम की एक साथ वाली स्तुति नहीं होगी। राम मंदिर में प्रभु श्रीराम बालरूप में होंगे, इसलिए सीता-राम की साथ वाली स्तुति अब नहीं होगी। उन्होंने कहा, राम उनके चार भाई, तीन माता, सरयू मैया और अयोध्या नाथ की स्तुति होगी। पूजा पद्धति में बदलाव की पुस्तिका रामलला के प्रशिक्षण ले रहे सभी पुजारियों को भेजी गई है।

### छत्तीसगढ़ में स्कूल-कॉलेजों में 22 जनवरी को रहेगा अवकाश

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन यानी 22 जनवरी को छत्तीसगढ़ के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूल, कॉलेजों में छुट्टी रहेगी। राज्य के धर्मस्व एवं शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान यह घोषणा की। यूपी सरकार इस तरह का फैसला ले चुकी है। अग्रवाल ने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को श्री राम लला दर्शन योजना के तहत अयोध्या ले जाया जाएगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार रेलवे से अनुबंध करके एक ट्रेन बुक करेगी, जो हफ्ते में एक दिन चलेगी।इस ट्रेन में एक बार में 850 से 1000 श्रद्धालु अयोध्या जाकर भगवान राम के दर्शन करने जाएंगे।

### एकनाथ शिंदे तो भाजपा के हैं गुलाम: राउत



**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब गुट) सांसद संजय राउत ने बड़ा हमला बोलते हुए गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भाजपा के गुलाम हैं। शिंदे के बेटे भी सांसद हैं, क्या उनको यहां परिवारवाद नहीं दिखता है। संजय राउत ने कहा कि एकनाथ शिंदे को परिवार की बात नहीं करनी चाहिए। उनका बेटा भी सांसद है। उद्धव ठाकरे ने उनके बेटे को उम्मीदवार बनाया था। सीएम शिंदे ने जिला प्रमुख की उम्मीदवारी काटकर अपने बेटे के लिए उम्मीदवार बनाई है। क्या इसे परिवारवाद नहीं कहना चाहिए। राउत ने कहा कि यह एक विचारधारा है, चाहे शरद पवार हो चाहे उद्धव ठाकरे हो। विचारधारा को लेकर उनके घर के लोग आगे चले जाते हैं।

### शरद पवार गुट के MLA के खिलाफ एक और FIR दर्ज

**मुंबई।** राकांपा के शरद पवार गुट के विधायक जितेंद्र आव्हाड के भगवान राम के खिलाफ विवादित बयान को लेकर उनके खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज की गई है। इससे पहले ही इसी मामले में उनके खिलाफ महाराष्ट्र में चार एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। इन चार में दो मुंबई में, एक ठाणे और एक अन्य पुणे में दर्ज कराई गई थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एनसीपी नेता के खिलाफ ताजा एफआईआर ठाणे शहर के वर्तक नगर पुलिस स्टेशन में बुधवार रात को दर्ज कराई गई। इसमें उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 295-ए (किसी भी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करके उनकी धार्मिक भावनाओं को अपमानित करने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य) की धाराएं लगाई गई हैं। फिलहाल मामले में पुलिस जांच कर रही है।

**राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सियासत तेज**

# कांग्रेस के इनकार पर पार्टी में ही मुखर हुआ असहमति का स्वर

**एजेंसी** | अहमदाबाद/नई दिल्ली

कांग्रेस आलाकमान के अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने से इनकार के बाद पार्टी के भीतर ही असहमति के सुर मुखर हो रहे हैं। वहीं, भाजपा ने इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस पर तीख प्रहार किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी समेत कई नेताओं ने बुधवार को इस आयोजन में शामिल नहीं होने का फैसला किया था। इसके बाद ही कांग्रेस के कई नेताओं ने वरिष्ठ नेताओं के इस फैसले के प्रति असहमति व्यक्त की है।

गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेरे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम हमारे आराध्य देव हैं, इसलिए यह स्वाभाविक है कि भारतभर में अनगिनत लोगों की आस्था इस नवनिर्मित मंदिर से वर्षों से जुड़ी हुई है।

कांग्रेस के कुछ लोगों को उस खास तरह के बयान से दूरी बनाए रखनी चाहिए और जनभावना का दिल से सम्मान करना चाहिए। इस तरह के बयान से मेरे जैसे कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं के लिए निराशा है। जय सियाराम। इसी प्रकार गुजरात के कांग्रेस विधायक अर्जुन मोढवाडिया ने एक्स पर लिखा,भगवान श्री राम आराध्य देव हैं। यह देशवासियों की आस्था और विश्वास का विषय है। कांग्रेस को ऐसे राजनीतिक निर्णय लेने से दूर रहना चाहिए था।







### निमंत्रण को ठुकराना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण: आचार्य प्रमोद

कांग्रेस के इस फैसले पर पार्टी नेता आचार्य प्रमोद ने भी प्रतिक्रिया साझा की है। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकराना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और आत्मघाती फैसला है,आज दिल टूट गया।

### यह कहा था कांग्रेस ने

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को एक पत्र साझा करते हुए कहा कि भगवान राम की पूजा-अर्चना करोड़ों भारतीय करते हैं। धर्म मनुष्य का व्यक्तिगत विषय है, लेकिन वर्षों से अयोध्या में राम मंदिर को एक राजनीतिक परियोजन बना दिया है। एक 'अर्द्धनिर्मित मंदिर' का उद्घाटन केवल चुनावी लाभ उठाने के लिए किया जा रहा है।

### पहले निर्माण कार्य तो पूरा होने दो: दिग्विजय सिंह

इस बीच, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और और कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस के नहीं जाने के निर्णय पर सफाई दी है। उन्होंने कहा है कि हमें राम मंदिर तब जाने में खुशी होगी जब मंदिर का निर्माण विधिवत रूप से पूरा हो जाएगा। हमारे कोई भी स्थापित धर्मगुरू ने स्वीकृति नहीं दी है, आपत्ति की है।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ को मिला निमंत्रण

विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार और अयोध्या राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने गुरुवार को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को अयोध्या राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने के लिए निमंत्रण दिया। आमंत्रण मिलने के बाद धनखड़ ने कहा, मैं परिवार के साथ अयोध्या धाम आऊंगा और समय के बारे में बाद में बताउंगा।

### आडवाणी-जोशी लेंगे प्राण प्रतिष्ठा में हिंसा

भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी और डॉ. मुरली मनोहर जोशी अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इन दोनों दिग्गज नेताओं को पहले ही आमंत्रण पत्र भेज दिया गया था, लेकिन बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के शीर्ष नेताओं ने उनसे मुलाकात कर एक बार फिर से उनसे कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया था, जिसके बाद दोनों नेताओं ने कार्यक्रम में शामिल होने पर अपनी सहमति दे दी।

**AMU के मामले में सुनवाई: SC ने पूछा...**

## संस्थान राष्ट्रीय महत्व का, तो अल्पसंख्यक दर्जे के क्या मायने!

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी को 1981 में संसद से पारित कानून के तहत अल्पसंख्यक संस्थान के दर्जे के मामले में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात जजों की पीठ ने गुरुवार को लगातार तीसरे दिन की सुनवाई की। पीठ ने पूछा कि जब एएमयू राष्ट्रीय महत्व का संस्थान बना हुआ है, तो अल्पसंख्यक दर्जा कैसे मायने रखता है? अदालत ने साफ किया कि संविधान के अनुच्छेद 30 का इरादा अल्पसंख्यकों को खास इलाके में बसाना' नहीं है।

अनुच्छेद 30 देश में शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना और इनके प्रशासन के लिए अल्पसंख्यकों के अधिकार से संबंधित है। शीर्ष अदालत ने 2006 में पारित इलाहाबाद उच्च न्यायालय की पीठ के फैसले पर भी विचार किया। ज्ञात रहे कि एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे के संबंध में इससे पहले साल 1967 में एस अज़ीज़ बाशा बनाम भारत संघ मुकदमे में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने फैसला पारित किया था।



इस फैसले में कहा गया था कि एएमयू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है। ऐसे में इसे अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता है। 1875 में स्थापित एएमयूको सुप्रीम कोर्ट के फैसले के 14 साल बाद अल्पसंख्यक दर्जा वापस मिला था। 1981 में संसद से पारित कानून के माध्यम से तत्कालीन सरकार ने एएमयू को अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा दिया था।

### अल्पसंख्यक संस्थान में कोटा नहीं

अल्पसंख्यक दर्जा देने का समर्थन करने वाले याचिकाकर्ताओं की तरफ से पैरवी कर रहे वकील शादान ने कहा, बाशा केस में 1967 में फैसला पारित होने तक विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक संस्थान माना जाता था। अल्पसंख्यक संस्थान को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए अलग कोटा नहीं देने की आजादी मिलती है। इससे पहले सात जजों की पीठ ने कहा, लोगों को इससे क्या फर्क पड़ता है कि यह अल्पसंख्यक संस्थान है या नहीं?

**आदिवासियों को रखा जाएगा दायरे से बाहर**

## असम में समान नागरिक संहिता इसी साल से होगी लागू: सरमा

**एजेंसी** | गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने राज्य में इसी साल से समान नागरिक संहिता लागू करने की घोषणा करते हुए इस बात पर जोर दिया है कि राज्य के लिए मसौदा विधेयक "असम मॉडल" के अनुरूप तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि असम में आदिवासियों को यूसीसी से छूट दी जाएगी। ज्ञात रहे कि उत्तराखंड और गुजरात में यूसीसी पर बिल लाए जा चुके हैं। इसके बाद इस साल यह बिल असम विधानसभा में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं उत्तराखंड और गुजरात के ऐसा करने का इंतजार कर रहा हूं। असम के बिल में कुछ बदलाव होंगे। यह असम केंद्रित नवाचार होगा। हम आदिवासियों को यूसीसी के दायरे से छूट देंगे। सरमा ने राज्य भाजपा कार्यकारिणी में उन्होंने कहा कि हमें उस दिन का इंतजार है, जब उत्तराखंड और गुजरात के बाद असम ऐसा राज्य बनेगा, जो समान नागरिक संहिता को लागू करेगा। गौरतलब है कि देश में समान नागरिक संहिता को लेकर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दावा किया था कि समान नागरिक संहिता के महत्व और संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए विधि आयोग इससे जुड़े समस्त पहलुओं का अध्ययन कर रहा है।



**कांग्रेस की पार्टी समन्वयकों के साथ बैठक**

## लोस चुनाव व न्याय यात्रा पर मंत्रणा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जमीनी स्तर पर पकड़ मजबूत करने और राजनीतिक समीकरण मजबूत करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। पार्टी ने सभी लोकसभा सीटों के नियुक्त समन्वयकों में से कई राज्यों के समन्वयकों के साथ गुरुवार को पहली बैठक की। इसमें पार्टी की चुनावी तैयारियों और भारत न्याया यात्रा पर चर्चा की गई और जरूरी निर्देश दिए गए। बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल की अगुवाई में हुई। पहली बैठक में तेलंगाना, कर्नाटक, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, तमिलनाडु, ओडिशा के समन्वयक मौजूद थे। खरगे व वेणुगोपाल के अलावा इन राज्यों के प्रभारी भी मौजूद थे। इनमें रणदीप सुरजेवाला, दीपा दास मुंशी, अजय कुमार आदि नेता शामिल थे। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने पार्टी समन्वयकों से अपने अपने इलाके में चुनाव व भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों में जुटने के लिए कहा। उन्हें समन्वय के कामकाज के बारे में टिप्स दिए गए।



### सपा व आप के साथ बैठक आज

शुक्रवार को सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस की गठबंधन के घटक दलों के साथ भी मीटिंग होनी है। इनमें एसपी व आम आदमी पार्टी के साथ बैठक होनी है। यूपी को लेकर कांग्रेस की गठबंधन समिति की एसपी नेताओं के साथ मुलाकात होनी है। वहीं आप के साथ दिल्ली, पंजाब, गुजरात जैसे राज्यों पर चर्चा होनी है।

**लोकसभा चुनाव: सीटों के बंटवारे पर रार**

# कांग्रेस के साथ बैठक की इच्छुक नहीं TMC, सीटों की संख्या पर मतभेद

**एजेंसी** | कोलकाता

लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस व विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दलों के बीच बैठकें जारी हैं। इस बीच,टीएमसी के सूत्रों ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस कांग्रेस के साथ सीटों के बंटवारे को लेकर बैठक नहीं करेगी। समझा जाता है कि तृणमूल कांग्रेस ने अपनी इस राय से कांग्रेस को अवगत करा दिया है। कांग्रेस की राष्ट्रीय गठबंधन समिति अब तक उद्धव ठाकरे की शिवसेना, शरद पवार की एनसीपी, राजद, समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी के साथ बैठक कर चुकी है। तृणमूल कांग्रेस से जुड़े सूत्रों के अनुसार कांग्रेस की राष्ट्रीय गठबंधन कमेटी की बैठक में पार्टी किसी नेता को नहीं भेजगी। तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस में सीटों की संख्या को लेकर सहमति नहीं है। तृणमूल कांग्रेस राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से सिर्फ 2 ही कांग्रेस को देना चाहती है।

लेकिन कांग्रेस इस पर राजी नहीं है। कांग्रेस का मानना है कि यह संख्या काफी कम है। ऐसे में इसे स्वीकार करना काफी मुश्किल है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस की मंशा राज्य की 6 से 10 सीटों पर चुनाव लड़ने की है। तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि कांग्रेस को 2 सीटों की पेशकश पिछले लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव को देखते हुए की गई है। उन्होंने कहा कि 42 सीटों में से 39 सीटों पर कांग्रेस को पांच प्रतिशत से कम वोट मिले थे। ज्ञात रहे कि कांग्रेस को 2021 के विधानसभा चुनाव में 2.93 प्रतिशत मत मिले थे। पार्टी को 2016 में 12.25 फीसदी वोट मिले थे। ऐसे में कांग्रेस नेतृत्व को यह मानना चाहिए कि बंगाल में कमजोर पार्टी है। कांग्रेस व तृणमूल कांग्रेस के बीच सीटों को लेकर विवाद गत दिनों कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी व पार्टी के अन्य नेताओं के बयानों में देखने को मिला था। चौधरी ने कहा था कि कांग्रेस के पास दो सीटें तो पहले से ही हैं और वह उन पर फिर से जीतेगी। ज्ञात रहे कि पिछले लोकसभा चुनाव में राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से टीएमसी के खाते में 22 सीटें गई थी।



### असम व मेघालय में भी चुनाव लड़ना चाहती है टीएमसी

पश्चिम बंगाल के अलावा तृणमूल कांग्रेस पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों में भी अपना प्रभाव बढ़ाने में जुटी है। पार्टी मेघायल और असम में भी एक-एक सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है। तृणमूल की यह मंशा भी सीटों के बंटवारे में बाधा बन सकती है।


### 'एक देश-एक चुनाव' सही नहीं: ममता बनर्जी

दूसरी ओर ममता बनर्जी ने एक देश, एक चुनाव को लेकर भी रुख साफ कर दिया। उन्होंने कहा कि एक देश, एक चुनाव सही नहीं है। ये भारत के संवैधानिक बुनियादी ढांचे के खिलाफ होगा। ममता बनर्जी ने एक देश, एक चुनाव को लेकर पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की अगुवाई वाली कमेटी को लिखे पत्र में कहा, हम एक साथ चुनाव कराए जाने से सहमत नहीं हैं। साल 1952 में लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए। ये आगे कई सालों तक जारी रहे, लेकिन बाद में ये कायम नहीं रह सका। ममता ने आगे कहा, शासन की वेस्टमिंस्टर प्रणाली में संघ और राज्य चुनाव एक साथ ना होना एक बुनियादी विशेषता है। संक्षेप में कहें तो एक साथ चुनाव नहीं होना भारतीय संवैधानिक व्यवस्था की मूल संरचना का हिस्सा है। राष्ट्रपति कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने राजनीतिक दलों से इस मुद्दे पर अपनी-अपनी राय रखने के लिए एक पत्र लिखा था।

# पीएम मोदी आज करेंगे देश के सबसे लंबे ब्रिज अटल सेतु का उद्घाटन

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जनवरी को मुंबई में अटल सेतु-मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक का उद्घाटन करेंगे। यह समुद्र पर बना हुआ भारत का सबसे लंबा सेतु है। इस पर हर दिन 70,000 से अधिक वाहनों का परिचालन होगा। इसे अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी-न्हावा शेवा अटल सेतु नाम दिया गया है। 17,840 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से इसका निर्माण किया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने दिसंबर, 2016 में इस पुल की आधारशिला रखी थी। यह पुल लगभग 21.8 किमी लंबा छह लेन वाला पुल है। चार पहिया वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 100 किमी प्रति घंटे होगी।



**विलक्षण अटल सेतु एक नजर में...**

- **21.8** किलोमीटर लंबा है यह पुल
- **17,840** करोड़ रुपए की लागत से हुआ है निर्माण
- **70,000** वाहनों का रोजाना होगा आना-जाना

## जरूरी खबर

### भारत-कनाडा रिश्तों को बनाएं बेहतर: उच्चायुक्त



**गांधीनगर (गुजरात)।** भारत के साथ राजनयिक विवाद के बीच भारत में कनाडा के उच्चायुक्त कैमरन मैके ने गुरुवार को दोनों देशों को एक साथ मिलकर काम करने और व्यवसाय समेत संबंधों को मित्रवत बनाने की सलाह दी है। गांधीनगर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में भारत-कनाडा व्यापारः आगे का रास्ता' विषय पर एक सेमिनार में मैके ने कहा कि भारत और कनाडा के रणनीतिक हित एक-दूसरे का समर्थन करते हैं।

### मणिपुर: लकड़ियां लेने गए तीन लोगों के शव बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के विष्णुपुर में पुलिस ने तीन लोगों के शव बरामद किए हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बुधवार को कुंबी हाओटक इलाके में चार लोग लकड़ी इकठ्ठा करने जंगल गए थे। उसके बाद से वापस नहीं आए। बिष्णुपुर जिले के अकासोई के रहने वाले चार लोग बुधवार दोपहर को लापता हो गए थे। लापता चौथे व्यक्ति का पता लगााने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, संदेह है कि इन लोगों की हत्या उग्रवादियों ने की होगी।

**चीन की गतिविधियों पर सेना की नजर**

# एलएसी पर स्थिति स्थिर पर संवेदनशील: जनरल पांडे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने कहा है कि उत्तरी सीमा पर स्थिति स्थिर है लेकिन संवेदनशील है। हमने किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त रिजर्व रखा है। साथ ही क्षमता बढ़ाने पर लगातार काम हो रहा है।ज्ञात रहे कि एलएसी पर भारत और चीन दोनों तरफ से 50 -50 हजार से ज्यादा सैनिक तैनात हैं साथ ही टैंक से लेकर दूसरे सैन्य उपकरण भी वहां डटे हैं। एक सवाल के जवाब में जनरल पाण्डे ने कहा कि हमारी कोशिश है कि बातचीत से हल निकले और जब तक 2020 के मध्य की स्थिति पर नहीं लौट जाते तब तक बातचीत चलती रहे। जब यह हो जाएगा उसके बाद दूसरे मुद्दों को देखा जाएगा जिसमें सैनिकों की तैनाती कम करने जैसे मुद्दे शामिल हैं।



### पाकिस्तान से घुसपैठ जारी

पाकिस्तान से लगी सीमा पर घुसपैठ की कोशिश जारी है। राजौरी पूंछ में हाल की घटनाओं के पीछे भी उन्होंने घुसपैठ को ही जिम्मेदार ठहराया। सेना प्रमुख ने कहा कि सेना एलओसी पर घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम कर रही है। जम्मू-कश्मीर के भीतरी इलाकों में हिंसा में काफी गिरावट आई है।

### अग्निवीर के बारे में उत्साहजनक फीडबैक

जनरल मनोज पाण्डे ने कहा कि अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर के दो बैच फील्ड में तैनात हो गए हैं और जो फीडबैक मिल रहा है वह उत्साहजनक है। जनरल पाण्डे ने पूर्व सेना अध्यक्ष जनरल एम एम नरवणे ने अपनी आने वाली किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी में अग्निपथ को लेकर लिखा है कि यह आर्मी को हैरान करने वाली थी और एयरफोर्स और नेवी के लिए ये तो झटके की तरह आई थी। जनरल पाण्डे ने कहा कि पूर्व सेना अध्यक्ष ने जो कहा उस पर मेरे लिए टिप्पणी करना सही नहीं है। लेकिन में यह कहना चाहूंगा कि अग्निपथ का जो फाइनल ढांचा बना वह फोर्स से पूरी सलाहमशविरे के बाद सामने आया

### भारत-म्यांमार सीमा पर स्थिति चिंताजनक

वहीं, सेना प्रमुख ने म्यांमार में बढ़ती हिंसा पर कहा कि भारत-म्यांमार सीमा पर स्थिति हमारे लिए चिंता का विषय है। हम वहां के घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहे हैं। कुछ दिनों पहले म्यांमार के 151 सैनिक अपने देश से भागकर मिजारम के लांग्टलाई जिले में आ गए थे।

# 62 देशों में बिना वीजा जा सकते हैं भारतीय नागरिक

### बढ़ी भारत के पासपोर्ट की ताकत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत के पासपोर्ट की ताकत दुनिया में तेजी से बढ़ रही है। दुनिया के देशों के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट को लेकर गुरुवार को जारी रैंकिग में भारत का पासपोर्ट 80वें स्थान पर है। भारतीय पासपोर्ट धारक बिना वीजा 62 देशों की यात्रा कर सकते




हैं। भारत के साथ 80 वें स्थान पर उज्बेकिस्तान भी है। वहीं, सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट की सूची में पाकिस्तान 101वें स्थान पर है।

हेनले पासपोर्ट इंडेक्स के मुताबिक पाकिस्तान के पासपोर्ट की हालत पतली है और वह दुनिया में नीचे से चौथे स्थान पर आता है। वहीं, दुनिया के टॉप 6 देश ऐसे हैं, जिनके पासपोर्ट धारी 194 देशों में बिना वीजा के जा सकते हैं।

### अफगानिस्तान सबसे नीचे

वहीं सबसे नीचे अफगानिस्तान आता है, जहां के नागरिक सिर्फ 28 देशों में ही बिना वीजा के जा सकते हैं। सीरिया के लोग 29 और इराक के लोग 31 देशों में जा सकते हैं। दुनिया के 10 सबसे खराब रैंकिंग वाले पासपोर्ट वाले देशों में नेपाल, फिलिस्तीन, सोमालिया, यमन, इराक, सीरिया, अफगानिस्तान, इराक, पाकिस्तान और लीबिया शामिल हैं।

### चार देशों के साथ सिंगापुर-जापान शीर्ष पर

हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में सिंगापुर और जापान पिछली बार की तरह ही इस बार भी पहले स्थान पर हैं। इन दो देशों का पासपोर्ट हेनले इंडेक्स में पिछले पांच सालों से सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट बना हुआ है।

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का परिणाम जारी**

# इंदौर-सूरत देश के सबसे स्वच्छ शहर




### राज्यों की श्रेणी में महाराष्ट्र पहले स्थान पर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गुरुवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का रिजल्ट जारी किया। एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में सातवीं बार इंदौर पहले स्थान पर रहा। सूरत को भी इंदौर के साथ संयुक्त रूप से पहला स्थान मिला।

महाराष्ट्र का नवी मुंबई तीसरे, आंध्र प्रदेश का विशाखापट्टनम चौथे और मध्य प्रदेश का भोपाल पांचवें नंबर पर रहा। इंदौर को लगातार सातवीं बार सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार मिला है। वहीं, एक लाख से कम आबादी वाले शहरों में महाराष्ट्र का सासवड पहले, छत्तीसगढ़ का पाटन दूसरे और महाराष्ट्र का लोनावाला तीसरे स्थान पर रहा। 'स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2023' में 'शानदार प्रदर्शन करने वाले राज्यों' की श्रेणी में महाराष्ट्र को पहला, मध्य प्रदेश को दूसरा और छत्तीसगढ़ को तीसरा स्थान मिला। पिछली बार मध्य प्रदेश पहले स्थान पर था। इस तरह मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों की रैंकिंग एक-एक पायदान गिरी है। वहीं एक लाख से कम आबादी वाले शहरों में महाराष्ट्र का सासवड पहले, छत्तीसगढ़ का पाटन दूसरे और महाराष्ट्र का लोनावाला तीसरे स्थान पर रहा।

इसके अलावा, भोपाल को देश की स्वच्छतम राज्य राजधानी का खिताब मिला है। भोपाल ने पिछले साल भी यह तमगा हासिल किया था। गंगा किनारे बसे सबसे साफ शहरों में वाराणसी पहले और प्रयागराज दूसरे स्थान पर रहा। इसके अलावा मध्य प्रदेश के महू को सबसे स्वच्छ कैंटोनमेंट बोर्ड का अवॉर्ड मिला है।

### राष्ट्रपति ने प्रदान किए पुरस्कार

बता दें कि इंदौर को लगातार सातवीं बार सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार मिला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित 'स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2023' कार्यक्रम में पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी और अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

**विदेश मंत्री ने कनाडा को सुनाई खरी- खरी, कहा...**

# अमेरिका ने चिंता साझा की, कनाडा ने आरोप लगाए

**एजेंसी** | नई दिल्ली

विदेश मंत्री जयशंकर ने खालिस्तानी आतंकियों के मुद्दे पर कनाडा और अमेरिका के रुख की चर्चा करते हुए हुए कहा है कि कनाडाई राजनीति खालिस्तानियों को पनाह दे रही है। वे आतंकवाद को सही ठहराते हैं, जबकि अमेरिका ऐसा नहीं करता है। जयशंकर ने अंग्रेजी मीडिया को दिए एक साक्षात्कार में दोनों देशों के बीच संबंधों में अंतर को बताते हुए कहा कि कनाडा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर आतंकवाद और चरमपंथी गतिविधियों को सही ठहराता है, जबकि अमेरिका ऐसा नहीं करता है। अमेरिका ने हमारे साथ अपनी



चिंताओं को साझा किया, जबकि कनाडा ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने खुलेआम हम पर आरोप लगाए हैं। गौरतलब है कि खालिस्तानी आतंकी निज्जर की मौत के बाद से कनाडा-भारत के राजनयिक रिश्तों में खटास पैदा हुई थी। जिसके बाद से दोनों देशों के बीच इसको लेकर जुबानी जंग शुरू हो गई थी।

जयशंकर ने कहा कि कनाडा ने कई बार हमारी राजनीति में हस्तक्षेप किया। दुनिया में पंजाब की घटना पर केवल कनाडा के प्रधानमंत्री ने ही टिप्पणी दी थी। जयशंकर ने कहा कि कनाडा के तरह अमेरिका आजादी के नाम पर अलगाववाद, आतंकवाद और उग्रवाद को उचित नहीं ठहराता है।

जयशंकर ने अपनी नई किताब 'व्हाई भारत मैटर्स' को लेकर बातचीत में कहा कि अमेरिका ने जानकारी के साथ अपने दावे का समर्थन किया है, जबकि इस बात पर जोर दिया गया है कि पिछले 45 साल में संबंधों पर बारीकी से नजर रखने के कारण अमेरिकी अब भारत की चिंताओं की पहले से कहीं ज्यादा सराहना कर रहे हैं।

### चीन के मामले में दृढ़ता व धैर्य की जरूरत

चीन के साथ नियमित द्विपक्षीय आदान-प्रदान के सवाल पर उन्होंने कहा कि भारत के लिए इस मामले पर दृढ़ता और धैर्य दिखाना जरूरी है, क्योंकि सीमा मुद्दे से परे यह भी एक जरूरी मुद्दा है कि भारत को एक 'रणनीतिक इकाई के रूप में कैसे माना जाता था। उन्होंने भारत की समझौता न करने वाली स्थिति के संकेत के रूप में सीमा पर बुनियादी ढांचे में सुधार का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार क्षेत्रीय अखंडता और एकता जैसे मुख्य मुद्दों पर एक रुख अपनाने में विश्वास करती है। रूस के बारे में उन्होंने कहा कि भारत और रूस को संबंधों की निरंतर भलाई के लिए एक-दूसरे के हितों के प्रति सचेत रहना होगा।

**इसरो प्रमुख सोमनाथ ने कहा...**

# 2028 तक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की योजना

**एजेंसी** | गांधीनगर

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि भारत अपनी मौजूदा प्रक्षेपण क्षमता का इस्तेताल कर पहला 'भारतीय अंतरराष्ट्रीय स्टेशन' 2028 तक स्थापित करना चाहता है। उन्होंने 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के दौरान इसरो के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के बारे में बात की।

सोमनाथ ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर आयोजित सेमिनार कहा कि पहला भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने में सफलता के बाद हम इसे आपके आने और प्रयोग करने के लिए एक प्रयोगशाला के रूप में भी विकसित करना चाहेंगे। इसरो प्रमुख ने सवाल किया, वे कौन लोग हैं जो एक निश्चित अवधि में आकर भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन में प्रयोग करेंगे? उन्होंने कहा कि 2035 तक हम मानव को अंतरिक्ष में भेज सकेंगे। हमारे पास प्रयोगशालाएं, संस्थान, वैज्ञानिक प्रतिष्ठान होंगे, जहां खगोल जगत से जुड़े रिसर्च किए जा सकेंगे। सोमनाथ ने कहा कि आने वाले दिनों में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन से बहुत लाभ मिलेगा। सोमनाथ ने कहा, देश का पहला अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने के बाद, इसरो कंपनियों और संस्थानों की तलाश भी करेगा।

## सिंगर गुरु रंधावा और तारा सुतारिया की परफॉर्मेंस रही खास

# बॉलीवुड की आवाज और कैटवॉक से आबाद रहा जयपुर फैशन एक्सपो

बेधड़क | जयपुर

जयपुर गारमेंट क्लब की ओर जयपुर फैशन एक्सपो एग्जीबिशन में फैशन रैंप वॉक शो में डिजाइनर ने लेटेस्ट ट्रेंड्स शोकेस किए। अन्नया एक्सपोर्ट, शी फैशन, अधीरा फैशन, रॉयल क्रूशन्स, अमन एक्सपोर्ट्स, अर्बन बेसिक, एवरब्लूम, रूप संगम, श्रीरुक्मणी फैबटेक्स, फैशन द्वार, श्रीअंबिका फैशन ने समर कलेक्शन पेश किया।









### शीशमहल थीम ने विशेष छाप छोड़ी

इस मौके पर इंटरनेशनल फैशन का कलर फुल ड्रेस के साथ आयोजित किया गया शीशमहल थीम ने विशेष छाप छोड़ी। वहीं, ब्लैक एंड वाइट थीम और पेस्टल कलर चार्ट के साथ गोटा-पत्ती और सिक्वेंस स्ट्रिप प्रिंट, व्राइबेंट् कलर, बगरू प्रिंट, सांगानेरी प्रिंट से बने परिधानों फैशन की बानगी पेश की। मोहित टेलर ने बताया कि फैशन शो में थीम राजस्थानी फोग, अर्बन थीम, सैक्सोफोन, लाइव म्यूजिक थीम पर मॉडल ने न्यू ड्रेसेज दर्शाईं।

### सेलिब्रिटीज से गुलजार पांडाल

पहले दिन फैशन शो में बॉलीवुड एक्ट्रेस मुग्धा गोड़से, मानुषी चिल्लर शहनाज पदम्शी, लीना जुमानी, अपर्णा दीक्षित, सुमन चेलानी आदि शो स्टॉपर रहीं। वहीं, दूसरे दिन सिंगर गुरु रंधावा और बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने रंग बिखेरे। जयपुर गारमेंट क्लब अध्यक्ष दीपक जैन व सेकेटरी अशोक गुप्ता ने बताया कि दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, नेपाल, बैंगलुरु, हैदराबाद के एक्सपर्ट को अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

## अमीषा पटेल देंगी अवॉर्ड्स



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर और प्रदेश के जिन लोगों ने किसी न किसी रूप में टूरिज्म, वेडिंग टूरिज्म, टूरिस्ट, मेडिकल टूरिज्म, एजुकेशन टूरिज्म को बढ़ावा दिया है उनको ऑनर करने के लिए शुभ वेडिंग्स मैग्जीन और इनक्रेडिबल इंडिया के सहयोग से शुक्रवार को शुभ टूरिज्म बिजनेस कॉन्कलेव अवॉर्ड्स-2024 दिए जाएंगे। गठबंधन पैलेस में होने वाले समारोह के दौरान भारत के टूरिज्म व बिजनेस के बेस्ट एंड सेलिब्रेटिड अचीर्वस को बॉलीवुड एक्ट्रेस गरद फेम अमीषा पटेल ट्रॉफी देकर नवाजेंगी। डायरेक्टर्स राजन कायस्थ और आरती निर्वाण ने बताया कि अवॉर्ड्स मुख्य रूप से 40 विभिन्न कैटेगरीज में दिए जाएंगे। कार्यक्रम के चीफ गेस्ट रीजनल डायरेक्टर इंडियन टूरिज्म आर के सुमन और नेहा चुग्गानी होंगे तो दीपक अग्रवाल व राखी कंकरिया स्पेशल गेस्ट होंगे।

## 'बीवियों का मदरसा' आज

**बेधड़क. जयपुर।** रवींद्र मंच के 60 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती महोत्सव के तहत कला व संस्कृति विभाग और रवींद्र मंच की ओर से टैगोर थिएटर योजना में नाटक बीवियों का मदरसा का मंचन शुक्रवार को होगा। मैनेजर रवींद्र मंच सोविला माथुर ने बताया कि दर्शकों का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

## अभिषेक करना चाहते हैं दर्शन



फोटो: पंकज शर्मा

**बेधड़क, जयपुर।** 'मैं भी राम मंदिर को लेकर एक्साइटेड हूं। देखना चाहता हूं, कि मंदिर कैसा बना है। दर्शन करना चाहता हूं।' यह कहना था बॉलीवुड स्टार अभिषेक बच्चन का, जो जयपुर में अपनी कबड्डी टीम पिंक पेंथर्स के साथ मौजूद थे। उन्होंने कहा कि पापा (अमिताभ बच्चन) स्टेडियम में आकर प्रो कबड्डी लीग के मैच नहीं देखते हैं। उन्हें ऐसा लगता है कि जिस दिन मैं मैच देखने आता हूं, हमारी टीम हार जाती है। प्रो कबड्डी के लिए आए बच्चन ने मंदिरों में दर्शन करते हुए प्रार्थना भी की। वे मोती डूंगरी गणेश मंदिर भी गए और भगवान के दर्शन करते हुए मन्नत मांगी।

# City इवेंट्स

## जजेज डायरी-2024 का विमोचन



**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव ने राजस्थान न्यायिक अधिकारी एसोसिएशन की वार्षिक जजेज डायरी-2024 का विमोचन किया।जजेज की वार्षिक डायरी में राजस्थान न्यायिक अधिकारी एसोसिएशन का पूरा विवरण अंकित गया है। राजस्थान न्यायिक अधिकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन कुमार गर्ग ने बताया कि जजेज वार्षिक डायरी प्रदेश के न्यायिक अधिकारियों की आवश्यकता को देखते हुए तैयार करवाई जाती है। इसमें सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट जजेज सहित प्रदेशभर के न्यायिक अधिकारियों का आवश्यकतानुसार विवरण दिया जाता है।

## काइट फेस्टिवल का पोस्टर लॉन्च



**बेधड़क. जयपुर।** मकर संक्रांति पर 14 जनवरी को जागृति गार्डन में रंग राजस्थान काइट फेस्ट का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक मीनाक्षी राठौर और राज सिंगोदिया ने बताया कि जयपुर में पहली बार आयोजित हो रहे फेस्टिवल में 50 से अधिक सिलेब्रिटी मौजूद रहेंगे। आयोजक हुकुम सिंह ने बताया कि पतंगों के उत्साह को सेलिब्रेट करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राजस्थानी संस्कृति के रंग देखने को मिलेंगे। इस संबंध में फेस्टिवल का पोस्टर का विमोचन किया गया। इस मौके पर मनीष राणा के साथ शिवी राजपूत, किरण राठौड़, कोमल चौहान, आस्था पुरोहित, नेहा यादव, लोकेश भट्ट दिव्या नरूका, करीना बंसीवाल, प्रांजल सिंह मौजूद रहे।

## स्पेशल बहनों की कला को किया प्रोत्साहित



**बेधड़क, जयपुर।** दीपाली और छवि ने छोटी उम्र में अपनी कला को प्रदर्शित करते हुए 400 पेंटिंग जेकेके में सजाई, जिसे देखने भाजपा नेता राजेन्द्र सिंह राठौड़, वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ. अशोक गांधी व नर्सेज प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी सहित हजारों कला प्रेमी गए। राठौड़ ने कहा कि व्यक्ति के हौसले बुलंद और कुछ करने की तमन्ना हो तो रास्ते खुद-ब-खुद आसान हो जाते हैं। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है जयपुर की दो बहनों ने।

## पंजाबी महासभा व राजापार्क व्यापार मंडल का आयोजन

# गोकाष्ठ से मनाई जाएगी पिंक सिटी की सबसे बड़ी लोहड़ी



बेधड़क | जयपुर

गोकाष्ट से लोहड़ी उत्सव मनाया जाएगा। इससे बड़ी संख्या में लकड़ी की बचत होगी। इसके लिए गौशाला से गोकाष्ठ मंगवाई गई है और कोई भी आर्य समाज में आकर गोकाष्ठ ले सकता है। यह विचार राजस्थान प्रदेश पंजाबी महासभा व राजापार्क व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने रखे। वे लोग संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को विशाल लोहड़ी महोत्सव का आयोजन राजापार्क मुख्य चौराहा पर करेंगे। राजस्थान प्रदेश पंजाबी महासभा व राजापार्क व्यापर मंडल अध्यक्ष रवि नैय्यर ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा होंगे।

पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ देशी गाय के गोकाष्ट, देशी घी, 31 जड़ी बूटी युक्त हवन सामग्री का उपयोग कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ लोहड़ी प्रज्ज्वलित की जाएगी। साथ ही उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा सहित जयपुर शहर के सभी विधायक व प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है। राजापार्क व्यापार मंडल के महामंत्री मेहर परनामी व उपाध्यक्ष राजीव आहूजा, सुनील वर्मा, अमित परनामी ने बताया कि उपस्थित अतिथियों का सम्मान, सत्कार किया जाएगा।

साथ ही पूरे बाजार में रंगारंग कार्यक्रम होंगे और लाइटिंग की जाएगी। राजस्थान प्रदेश पंजाबी महासभा के उपाध्यक्ष संजीव नारंग, जितेन्द्र सचदेवा, लक्की सिंह कपूर व सचिव राजन सिंह ने बताया कि नवविवाहित जोड़ों व नवजात शिशुओं की सुख-समृद्धि के लिए पारंपरिक रूप से पूजन किया जाएगा।

## जवाहर कला केंद्र से शुरू हुई यात्रा

# संपूर्ण भारत के प्राचीन और विलुप्त मंदिरों का वैभव लौटाने का संकल्प



बेधड़क | जयपुर

छोटी काशी में संपूर्ण भारत के प्राचीन व विलुप्त मंदिरों का पुराना वैभव लौटाने के लिए मैत्रेय संस्थान व हिंदू टेम्पल डेवलपमेंट एंड रिस्टोरेशन ट्रस्ट के बैनर तले आधा दर्जन धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं तथा सभी प्रमुख पीठ, मठ, मंदिर के संतों-महंतों, धर्माचार्यों ने एक मंच पर संकल्प लिया। जवाहर कला केंद्र में गुरुवार को भारत में प्राचीन मंदिर पुनर्निर्माण संकल्प यात्रा की शुरुआत हुई, जिसमें समाज के सहयोग से देश के मंदिरों को एक बार फिर प्राणवान बनाया जाएगा। उत्तर भारत की प्रमुख वैष्णव पीठ श्री गलताजी के पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में विभिन्न धर्माचार्यों ने संकल्प यात्रा का श्रीगणेश किया।

मुख्य अतिथि हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि देश को पुनः विश्वगुरू बनाने का समय आ गया है। आचार्या हिमानी शास्त्री ने कहा कि खंडित मूर्तियों की जगह नवीन प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वरपुरी, किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर पुष्पा माई, गलता पीठ के युवराज राघवेन्द्राचार्य, अखिल भारतीय संत समिति के प्रमुख शुभेश शर्मन, धर्म समाज प्रमुख राहुल द्विवेदी, कोयंबटूर से युगामुर्ति और महंत बृज किशोर शर्मा सहित आचार्य अजुपम व अनेक संत-महंत मंचस्थ रहे। निम्स हॉस्पिटल व यूनिवर्सिटी के निदेशक डॉ. पंकज सिंह ने कहा कि यात्रा में निम्स हॉस्पिटल की ओर से चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रमोशन

## प्रेम कहानी 'मेरा बलम थानेदार' के लिए कलाकार आए जयपुर

# राजस्थान के टैलेंट के लिए दिल में है सॉफ्ट कॉर्नर

बेधड़क | जयपुर

'मैं किशनगढ़-अजमेर से हूं, इसलिए दिल में हमेशा अपने प्रदेश और क्षेत्र के टैलेंट के लिए सॉफ्ट कॉर्नर रहता है। फिर भी अच्छा टैलेंट होने और पुख्ता किरदार में फिट बैठने पर ही यहां के लोगों को मुंबई बुलाया जाए तो ज्यादा अच्छा होगा। क्योंकि मुंबई जैसे शहर में बिना मतलब यहां से लोगों को बुला लेने से उनके खर्चे बहुत होते हैं। इसके बाद भी मैं चाहती हूं कि यहां का टैलेंट प्रमोट हो।' यह कहना था 'मेरा बलम थानेदार' सीरियल की प्रोड्यूसर शशि मित्तल का, जो सीरियल के कलाकार श्रुति चौधरी और शगुन पांडे के साथ जयपुर आईं थीं। इस दौरान उन्होंने शो के साथ प्रदेश से जुड़े अनुभव शेयर किए।





### पुष्कर में किया शूट

प्रोड्यूसर शशि मित्तल ने बताया कि इससे पहले भी पुष्कर में सीरियल शूट कर चुके हैं और इस शो की शूटिंग भी यहां की है। इससे पहले भी करीब 50 से ज्यादा सीरियल्स बनाए हैं। मुझे यकीन है कि ये शो 1500 एपिसोड पूरे करेगा। शो में बुलबुल (श्रुति द्वारा अभिनीत) और वीर (शगुन द्वारा अभिनीत) की कहानी है, जिनका जीवन भले ही बहुत अलग है, लेकिन नियति ने उन्हें बेवजह साथ ला खड़ा कर दिया है।

### फिर से राजस्थान आकर लगा अच्छा

श्रुति चौधरी कहती हैं कि राजस्थान में वापस आकर बहुत अच्छा लगा। यह खूबसूरत प्रदेश है, जिसने मुझे बहुत प्यार और यादें दी हैं। यहां के लोगों के अविश्वसनीय आतिथ्य के कारण मेरा बलम थानेदार की शूटिंग करके मजा आया। इस अद्भुत जगह पर वापस आकर रोमांचक और आश्वस्त रूप से परिचित महसूस होता है। बुलबुल की भूमिका निभाने के लिए मुझे मिली सराहना के लिए आभारी हूं।





### पीएम ने हिंसा को देखते हुए घोषित किया आपातकाल

# पापुआ न्यू गिनी में दंगे, 16 की मौत



**वेतन नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरे कर्मचारी**

पापुआ न्यू गिनी में यह हिंसा सरकारी कर्मचारियों के वेतन को लेकर हुए विवाद को लेकर भड़की। बुधवार को देश के सैंकड़ों पुलिस अफसर, सेना के जवान, जेल कर्मचारी और अन्य सरकारी कर्मचारियों ने नौकरी छोड़ दी। यह सभी सरकारी कर्मचारी सरकार की वेतन नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतर आए। जमकर तोड़फोड़ और आगजनी की। प्रधानमंत्री जेम्स परापे ने इसे गंभीरता से लिया है।

**एजेंसी** | सिडनी

पापुआ न्यू गिनी में वेतन विवाद को लेकर बुधवार को दंगा भड़क गया। दंगाइयों ने राजधानी पोर्ट मोरेस्बी और लाई शहर में जमकर कोहराम मचाया। सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया।

दुकानों को आग लगा दी और उनमें रखे सामान लूट लिए। इस हिंसा में 16 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में नौ लोग पोर्ट मोरेस्बी के और सात लोग लाई शहर के थे। पापुआ न्यू गिनी सरकार ने इस हिंसा को देखते हुए आपतकाल की घोषणा की है।



### 1000 सेना के जवानों को किया तैनात

हिंसा और न फैले इसके लिए सरकार ने एहतियाती कदम उठाए हैं। अशांति रोकने के लिए करीब 1000 सेना के जवानों को तैनात किया गया है। हालांकि गुरुवार को हिंसा कम हो गई, लेकिन सरकार सतर्क है। पोर्ट मोरेस्बी में यूएस एम्बेसी ने बताया कि पुलिस काम पर लौट आई है। हालांकि तनाव बरकरार है। चीन के एम्बैसी के मुताबिक, हिंसा में कई चीनी नागरिकों को भी चोटें आई हैं। दंगाइयों ने चीनी नागरिकों की दुकानों में तोड़फोड़ और लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया है।

### 22 साल बाद किसी रक्षा मंत्री की पहली ब्रिटेन की यात्रा

# राजनाथ व सुनक में रक्षा व्यापार के मुद्दों पर चर्चा

**राजनंदिनी शर्मा** | लंदन

दो दशकों के बाद पहली बार है कि एक भारतीय रक्षा मंत्री ने यूके का दौरा किया है। आखिरी दौरा 2002 में जॉर्ज फर्नांडिस ने किया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लंदन में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात की। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों देशों ने अपने ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक, बहुआयामी और पारस्परिक रूप से लाभप्रद साझेदारी में ढालने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि ब्रिटेन और अन्य समान विचारधारा वाले देशों को शांतिपूर्ण और स्थिर वैश्विक नियम आधारित व्यवस्था को मजबूत करने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करना चाहिए और भारत के उत्थान में सहयोगी बन सकते हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक ने भी व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दोनों देशों के साथ मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की।

साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देशों के बीच चल रहे मुक्त व्यापार समझौते को सफल निष्कर्ष पर लाया जा सकता है। इस दौरान भारत और यूके ने एक द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय कैडेट एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए समझौते और अनुसंधान और विकास में रक्षा सहयोग पर एक लेटर ऑफ आरेंजमेंट पर हस्ताक्षर किए। ये हस्ताक्षर लंदन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके ब्रिटिश समकक्ष ग्रांट शैप्स के बीच संवाद के बाद किए गए। मुलाकात के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक को राम दरबार की प्रतिमा उपहारस्वरूप दी। इस मुलाकात के दौरान ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सर टिम बैरो भी मौजूद रहे।



### भारतीय मूल के लोगों से की मुलाकात

किसी भारतीय रक्षा मंत्री की पिछले 22 वर्षों में ब्रिटेन की यह पहली यात्रा है। राजनाथ सिंह ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन से भी मुलाकात की। लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित एक सामुदायिक अभिनंदन कार्यक्रम में भारतीय मूल के करीब 200 लोगों से मुलाकात की। इस कार्यक्रम में कई प्रमुख भारतीय मूल के व्यक्तियों ने भाग लिया। भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लंदन के इंडिया हाउस में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत की। इस बातचीत में कई प्रमुख भारतीय मूल के व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पूर्व भारतीय सैन्य कर्मी एवं उनके परिवार के सदस्य और द्वितीय विश्व युद्ध लड़ चुके सैनिक भी उपस्थित थे।



### भारत के प्रति चीन का भी बदला नजरिया



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि चीन को भारत का प्रतिद्वंद्वी माना जाता है, लेकिन हम चीन को अपना प्रतिद्वंद्वी नहीं मानते हैं, शायद चीन ऐसा मानता है। हम किसी को भी अपना प्रतिद्वंद्वी नहीं मानते। राजनाथ सिंह ने कहा कि 2020 में भारत और चीन के बीच आमना-सामना हुआ और हमारे सुरक्षा बलों ने जो बहादुरी दिखाई, शायद यही कारण है कि चीन का भारत के प्रति नजरिया बदल गया है। उन्हें एहसास हो गया है कि भारत अब कमजोर नहीं है। पहले हम रक्षा उपकरणों के आयातक सबसे बड़े हुआ करते थे, लेकिन अब जब रक्षा वस्तुओं के निर्यात की बात आती है तो हम शीर्ष 25 देशों में हैं।

### उड़ान भरने से पहले एयरपोर्ट पर फ्लाइट से कूदा गया यात्री

# कनाडा की फ्लाइट में हंगामा, 6 घंटे की देरी

**एजेंसी** | कनाडा

टोरंटो पीयरसन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एयर कनाडा की फ्लाइट से अचानक एक युवक कूद गया। 20 फीट ऊंचाई से गिरने से उसे चोटें आई हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, 8 जनवरी को एयर कनाडा की फ्लाइट में एक युवक सवार हुआ था। फ्लाइट टेक ऑफ करने वाली थी, लेकिन युवक अपनी सीट पर बैठने के बजाय उसने केबिन का दरवाजा खोल दिया।

युवक ने 20 फीट की ऊंचाई से हवाई पट्टी पर कूद गया। इससे वह घायल हो गया। पुलिस और अन्य आपातकालीन सेवाओं को घटनास्थल पर बुलाया गया। एयर कनाडा की वेबसाइट के अनुसार, इस घटना के कारण बोइंग 747 के उड़ान भरने में लगभग छह घंटे की देरी हुई, क्योंकि स्टाफ के सदस्यों ने घायल युवक की देखभाल की। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा कि मामले की जांच चल रही है। हमारी सभी स्वीकृत बोर्डिंग और केबिन संचालन प्रक्रियाओं का पालन रिव्यू किया जा रहा है। ग्रेटर टोरंटो एयरपोर्ट अथॉरिटी के एक अधिकारी ने भी पुष्टि की कि उन्हें इस घटना की जानकारी मिली है।

प्रवक्ता ने कहा कि घटना के बाद मदद करने और अन्य जरूरतों के लिए एयरलाइन, पुलिस के साथ काम किया।




### ब्रुनेई के प्रिंस हैं अब्दुल मतीन

# अरबपति ने आम लड़की से किया निकाह

**एजेंसी** | बंदर सेरी बेगावान

क्या कोई शाही परिवार या राजघराने का राजकुमार किसी आम लड़की से शादी कर सकता है? इसका जवाब थोड़ा मुश्किल है...। लेकिन इसे सच साबित कर दिखाया है दुनिया के सबसे अमीर सुल्तान हसनल बोलकियाह की 10वीं संतान ने।

हसनल बोलकियाह 55 साल से ब्रुनेई राजा हैं। सुल्तान के 32 साल के बेटे अब्दुल मतीन ब्रुनेई में गुरुवार को अपनी मंगेतर 29 साल की यांग मुलिया अनीशा रोस्ना से शादी कर ली है। मुलिया अनीशा बेहद आम लड़की हैं। शादी समारोह राजधानी बंदर सेरी बेगवान में एक सोने की गुंबद वाली मस्जिद में की गई।



### 2024 में पहली शाही शादी

ब्रुनेई के राजकुमार अब्दुल मतीन की शादी साल 2024 में होने वाली पहली शाही शादी है। उनकी शादी का समारोह 7 जनवरी से शुरू हुआ जो 10 दिनों का होगा। 16 जनवरी को यह समारोह खत्म होगा। इस्लामिक रीति रिवाज से गुरुवार को राजकुमार और उनकी मंगेतर सुल्तान उमर अली सैफुद्दीन मस्जिद में निकाह किया। इसके बाद अन्य उत्सवों में शादी का रिसेप्शन, भोज, संगीत और 14 जनवरी को राजधानी के करीब एक परेड भी होगी। इसके अलावा उनकी शादी समारोह में ब्रिटेन के प्रिंस विलियम और उनकी पत्नी केट मिडलटन भी शिरकत कर सकते हैं।

### कौन हैं प्रिंस की पत्नी

अनीशा सुल्तान हसनल बोल्कियाह के सबसे करीबी सलाहकारों में से एक पेहिन दातो ईसा की पोती हैं। दोनों की साथ में केवल एक ही आधिकारिक फोटो सामने आई है, जिसमें प्रिंस अपनी मंगेतर को नए साल की बधाई दे रहे हैं। इसमें अनीशा के हाथ में एक बड़ी हीरे की अंगूठी देखी जा सकती है। अनीशा एक उद्यमी हैं, जिन्होंने एक फैशन ब्रांड शुरू किया। इसके अलावा वह अपनी एक दोस्त के साथ ऑथेंटिअरी नामक एक पर्यटन उद्यम की सह मालिक हैं।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl